


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः22 | ग्वालियर, 30 नवम्बर,गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## अमित शाह ने दी ममता बनर्जी को चुनौती, कहा ये देश का कानून, इसे कोई नहीं रोक सकता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बुधवार (29 नवंबर) को पश्चिम बंगाल के कोलकाता के धर्मतला में एक सार्वजनिक रैली में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर बरसे.अमित शाह ने कहा, जिस राज्य में इतनी घुसपैठ होती हो वो कभी विकास कर सकता है क्या? इसीलिए ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं. ममता दीदी, सीएए देश का कानून है और इसे कोई रोक नहीं सकता. हम इसे लागू करके रहेंगे. वहां से आने वाले हिंदू बहनों भाइयों का इस देश पर उतना ही अधिकार है जितना मेरा और आपका है.2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाइए-गृह मंत्री शाह ने कहा कि 2024 के चुनावों में पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनाकर सत्ता में



आयेगी. उन्होंने कहा कि मैं आज आह्वान करने आया हूं, अगर 2026 में यहां बीजेपी सरकार बनानी है, तो इसकी नींव 2024 के लोकसभा चुनाव में डाल कर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाइए.

**टीएमसी की बंगाल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान**–उन्होंने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करने के दौरान तुष्टीकरण, घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखे हमले किए. उन्होंने लोगों से टीएमसी की सरकार को उखाड़ फेंकने तथा अगले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को चुनने का आग्रह किया. उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 2026 में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आएगी.

**ममता बनर्जी ने बंगाल को बर्बाद कर दिया**–उन्होंने हमले तेज करते हुए आगे कहा कि जो ममता बनर्जी पहले घुसपैठ को लेकर संसद को नहीं चलने देती थी वो अब इनको वोटर कार्ड बनाकर देती हैं. वो अब चुप बैठी हैं. उन्होंने कहा कि आज बंगाल में भ्रष्टाचार चरम पर है. बम धमाकों से गंजू रहा है.

### न्यूज ट्रैक

### मणिपुर का सबसे पुराना सशस्त्र समूह हिंसा छोड़ने पर सहमत, शांति समझौते पर किया हस्ताक्षर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार (29 नवंबर) को कहा कि मणिपुर में सबसे पुराना सशस्त्र समूह यूएनएलएफ हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमत हो गया है. उन्होंने बताया कि यूएनएलएफ ने एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.गृह मंत्री शाह ने अपने हैंडल पर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए बताया, एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई! पूर्वोत्तर में स्थायी शांति स्थापित करने के मोदी सरकार के अथक प्रयासों में एक नया अध्याय जुड़ गया है क्योंकि यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने आज नई दिल्ली में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए.

**मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमत हुआ हस्त्र-गृह मंत्री अमित शाह**–गृह मंत्री ने कहा, मणिपुर का सबसे पुराना घाटी स्थित सशस्त्र समूह यूएनएलएफ हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमत हो गया है. मैं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनका स्वागत करता हूं और शांति और प्रगति के पथ पर उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं.**एक ऐतिहासिक उपलब्धि**–एक और पोस्ट में गृह मंत्री ने कहा, भारत सरकार और मणिपुर सरकार की ओर से यूएनएलएफ के साथ आज हस्ताक्षरित शांति समझौता छह दशक लंबे सशस्त्र आंदोलन के अंत का प्रतीक है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वसमावेशी विकास के दृष्टिकोण को साकार करने और पूर्वोत्तर भारत में युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है.

**समूह पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ दिन बाद हुआ समझौता**–बता दें कि गृह मंत्रालय ने कई अन्य चरमपंथी संगठनों के साथ यूएनएलएफ पर प्रतिबंध लगाया हुआ था. एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ दिनों बाद यह शांति समझौता हुआ. यह निर्णय तब लिया गया जब केंद्र को लगा कि ये संगठन मणिपुर में सुरक्षा बलों, पुलिस और नागरिकों पर हमलों और हत्याओं के साथ-साथ भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक गतिविधियों में शामिल है. यूएनएलएफ मणिपुर में सबसे पुराना मैतेई विद्रोही समूह है, जिसकी स्थापना 24 नवंबर, 1964 में की गई थी.

### दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को मिलेगा सेवा विस्तार, सुप्रीम कोर्ट ने दी हरी झंडी



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (29 नवंबर) को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार के सेवा विस्तार को हरी झंडी दे दी. कोर्ट ने कहा कि मौजूदा कानून के तहत केंद्र सरकार को ऐसा करने का अधिकार है. नरेश कुमार 30 नवंबर को रिटायर होने वाले थे. केंद्र उन्हें 6 महीने का सेवा विस्तार देना चाहता है. वहीं, दिल्ली सरकार इसका विरोध कर रही थी.चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी. बेंच ने मुख्य सचिव के रूप में नरेश कुमार का कार्यकाल बढ़ाने से रोकने की मांग करने वाली दिल्ली सरकार की याचिका खारिज कर दी.

**अभिषेक मनु सिंघवी ने रखा दिल्ली सरकार का पक्ष**–दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि मुख्य सचिव सौ अन्य मामलों से निपट रहे हैं, जो दिल्ली सरकार के विशेष क्षेत्र में हैं, इसलिए दिल्ली सरकार को अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए. हालांकि, पीठ ने इस तर्क को मानने से इनकार कर दिया कि मुख्य सचिव के कार्यों को उस तरीके से विभाजित किया जाना चाहिए.

**कोर्ट ने केंद्र से कहा था- सेवा विस्तार का प्रावधान दिखाएं**–इससे पहले मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि अगर केंद्र चीफ सेक्रेट्री को सेवा विस्तार देना चाहता है तो वो प्रावधान दिखाए, जिसके तहत ऐसा किया जा सकता है. पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा था कि इस पद के लिए संभाविक अधिकारियों के नाम दिल्ली सरकार को सौंपकर उनकी सहमति ली जाए.मंगलवार को केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि वह नरेश कुमार को कुछ ही दिनों का सेवा विस्तार देने जा रही है, नए मुख्य सचिव की नियुक्ति के अवसर पर दिल्ली सरकार को संभावित अधिकारियों के नाम सौंपकर चर्चा की जाएगी.

## गुजरात जा रही स्पेशल ट्रेन में अचानक बीमार पड़ गए 90 यात्री, सबको हुई थी फूड प्वाइजनिंग

भारतीय रेलों में मिलने वाले खाने को लेकर शिकायतों की कई घटनाएं सामने आती रही हैं. इस बीच खबर सामने आई है कि चेन्नई से गुजरात जा रही एक स्पेशल ट्रेन में फूड प्वाइजनिंग होने के चलते 90 यात्री बीमार हो गए. पीटीआई के मुताबिक, एक अधिकारी के पैसेंजर ग्रुप ने खाना निजी तौर पर खरीदा था और इसकी आपूर्ति रेलवे या भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की ओर से नहीं की गई थी. उन्होंने कहा कि यात्रियों की ओर से खाया जाने वाला खाना पेंट्री कार में तैयार किया गया था. लगभग 80 से 90 यात्रियों ने सोलापुर और पुणे के बीच बुधवार (29 नवंबर) को एक कोच के फूड प्वाइजनिंग की शिकायत की थी.



**चिकित्सा सहायता के बाद ट्रेन गंतव्य को हुई रवाना** –अधिकारी ने कहा कि उन्होंने उबकाई, दस्त और सिरदर्द की शिकायत की थी. उन्होंने कहा कि पुणे स्टेशन पर डॉक्टरों की एक टीम ने सभी यात्रियों की देखभाल की और उनको उपचार प्रदान किया गया. करीब 50 मिनट बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया. अधिकारी ने बताया कि सभी यात्रियों की हालत स्थिर है.

**धार्मिक कार्यक्रम को बुक करवाई थी स्पेशल ट्रेन**–बताया गया कि ये स्पेशल ट्रेन चेन्नई से चलकर गुजरात जा रही थी. अचानक यात्रियों की तबीयत बिगड़ने के कारण ट्रेन को 29 नवंबर को पुणे स्टेशन पर रोकना पड़ा था. अधिकारियों ने बताया कि भारत गौरव ट्रेन को गुजरात के पलिटाना में होने वाले एक धार्मिक कार्यक्रम के लिए स्पेशल तौर पर बुक किया गया था.

**निजी कंपनी पर कार्रवाई करेगा रेल मंत्रालय** -समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, एक निजी कंपनी खानपान की सेवा का संचालन कर रही है. सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करेगा.

## इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम की पूर्व निदेशक वीआर ललितांबिका शीर्ष फ्रांसीसी नागरिक सम्मान से सम्मानित

इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम निदेशालय की पूर्व निदेशक वीआर ललितांबिका को फ्रांस और भारत के बीच अंतरिक्ष सहयोग में उनकी भागीदारी के लिए शीर्ष फ्रांसीसी नागरिक सम्मान लीजियन डीहोनूर से सम्मानित किया गया है. मंगलवार (28 नवंबर) को उन्हें यह पुरस्कार फ्रांस सरकार की ओर से भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ ने दिया.लीजियन डीहोनूर (लीजन ऑफ ऑनर) पुरस्कार को नेपोलियन बोनापार्ट ने 1802 में शुरू किया था. यह फ्रांस के लिए उत्कृष्ट सेवा के लिए फ्रांसीसी गणराज्य की ओर से दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है. फ्रांस की नागरिकता के बाहर के लोगों को भी इसे दिया जाता है.



**सीएनईएस और इसरो के बीच सहयोग समझौते में निभाई अहम भूमिका**–ललितांबिका एडवांस्ड लॉन्च वहीकल टेक्नोलॉजी में एक विशेषज्ञ हैं. उन्होंने इसरो के विभिन्न रॉकेटों, विशेष रूप पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल पर बड़े पैमाने पर काम किया है. उन्होंने 2018 में मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के निदेशक के रूप में भारत की गगनयान परियोजना के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के साथ बारीकी से समन्वय किया था.ललितंबिका ने मानव अंतरिक्ष उड़ान पर सीएनईएस और इसरो के बीच सहयोग के लिए पहले साझा समझौते पर हस्ताक्षर करने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके तहत दोनों देश अंतरिक्ष चिकित्सा पर काम करने के लिए विशेषज्ञों का आदान-प्रदान कर सकते है. दौरान भारतीय अंतरिक्ष यात्री कार्यक्रम को लेकर फ्रांस और भारत के बीच दूसरे समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सीएनईएस के साथ समन्वय किया था

## बैंकॉक जा रही फ्लाइट में किस बात पर हुई पति-पत्नी में फाइट, बदलना पड़ा रूट, दिल्ली में लैंडिंग

बैंकॉक जा रहे लुफ्थांसा के एक विमान की बुधवार (29 नवंबर) को दिल्ली में लैंडिंग करवानी पड़ी. विमान की लैंडिंग के पीछे की वजह बेहद चौंकाने वाली है. फ्लाइट में सवार एक दंपति के बीच कहासुनी हो गई, जो बहुत ज्यादा बढ़ गई. ऐसी नौबत आ गई कि विमान को दिल्ली लाना पड़ा. पति-पत्नी को दिल्ली एयरपोर्ट पर ही उतार दिया गया.अधिकारियों ने बताया कि लुफ्थांसा की फ्लाइट एलएच 772 को सुबह 10.26 बजे इमरजेंसी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा. इससे पहले विमान के पायलट ने एटीसी से संपर्क कर उन्हें परिस्थिति और संभावित उत्पाती यात्री के बारे में सूचना दी थी.




**पत्नी ने पायलट से की थी पति की शिकायत**–सूत्रों ने बताया कि विमान में सवार एक जर्मन व्यक्ति और उसकी थाई पत्नी के बीच कहासुनी हो गई. इसके बाद स्थिति इतनी ज्यादा बिगड़ गई कि विमान को उतारने की नौबत आ गई. फिर फ्लाइट को आईजीआई एयरपोर्ट पर उतारने की अनुमति मांगी गई. अनुमति मिलने के बाद फ्लाइट को दिल्ली में उतारा गया और फ्लाइट में हंगामा कर रहे दंपति को भी यहीं उतार दिया गया. एक अधिकारी ने बताया कि पत्नी ने पहले अपने पति के बर्ताव के बारे में पायलट से शिकायत की और कहा कि उसे धमकाया जा रहा है. अधिकारी के अनुसार, विमान से उतरने के बाद पति-पत्नी को टर्मिनल क्षेत्र में ले जाया गया.पाकिस्तान में फ्लाइट उतारने की नहीं मिली अनुमति-एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच किस बात के लिए झगड़ा हुआ, इसे लेकर कोई जानकारी नहीं है, लेकिन उनकी वजह से फ्लाइट का रूट डायवर्ट करना पड़ा. उन्होंने बताया कि पहले पाकिस्तान में फ्लाइट की लैंडिंग कराने के लिए गुजारिश की गई थी, लेकिन किसी वजह से उन्हें अनुमति नहीं मिली. बाद में फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया. फ्लाइट में हंगामा कर रहे पति को भी यहीं पर उतार दिया गया और उसे एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया.

## अपराधियों-आतंकियों पर यूएस ने दिया खुफिया इनपुट, एक्शन में भारत, हाई-लेवल कमिटी करेगी मामले की जांच

अमेरिका ने हाल ही में दावा किया कि उसने संगठित अपराधियों, हथियारबंद हमलावरों और आतंकियों के बीच सांठगांठ का इनपुट भारत सरकार को दिया है. वहीं, भारत ने भी अमेरिका से मिले इनपुट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इनसे निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बुधवार (29 नवंबर) को इसकी जानकारी दी है. पिछले कुछ सालों में भारत-अमेरिका सुरक्षा के मुद्दे पर साथ आए हैं. दरअसल, अमेरिकी सरकार की तरफ से अपराधियों की सांठगांठ का इनपुट ऐसे समय पर दिया गया है. जब फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया कि सिख अलगाववादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की अमेरिकी धरती पर हत्या की साजिश को अमेरिकी अधिकारियों ने नाकाम किया है. पन्नू अमेरिका और भारत में बैठकर भारत के खिलाफ




अलगाववादी गतिविधियों को ऑपरेट करता है. वह सिख फॉर जस्टिस (एसजेएफ) नाम के एक अलगाववादी संगठन का प्रमुख भी है.

**इनपुट पर एक्शन लेने की हुई बात**–पिछले हफ्ते आई न्यूज रिपोर्ट पर पहली बार भारत की तरफ से जवाब दिया गया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग पर हालिया चर्चा के दौरान अमेरिकी अधिकारियों ने संगठित अपराधियों, हथियारबंद हमलावरों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से जुड़े हुए कुछ इनपुट शेयर किए. ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता की वजह हैं और दोनों देशों ने तुरंत इस पर एक्शन लेने का फैसला किया है.

**रिपोर्ट में क्या कहा गया**–फाइनेंशियल टाइम्स की पिछले हफ्ते आई रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरुपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची गई. वह सिख फॉर जस्टिस का जनरल काउंसिल है और भारत ने उसे आतंकवादी नामित किया हुआ है. रिपोर्ट में कहा गया कि जब सितंबर के महीने में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया, तो उस वक्त वहां हिस्सा लेने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी पहुंचे.

## मशीनें फेल हो गईं तो मिशन जिंदगी के लिए देवदूत बने रैट माइनर्स ने नहीं लिए सुरंग खोदने के पैसे

उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे आठ राज्यों की 41 जिंदगियों को बचाने का अभियान मंगलवार (28 नवंबर ) देर शाम 17 दिनों के युद्ध स्तरीय कोशिशों के बाद आखिरकार सफल रहा. पहाड़ों का सीना चीरकर मौत से जीती गई इस जंग के कई जांबाजों के किस्से अब फिजाओं में तैरने लगे हैं. इनमें से सबसे अधिक चर्चा हो रही है उन रैट माइनर्स की जो अमेरिकी ऑगर मशीन के फेल हो जाने के बाद सुरंग में घुसे और हाथों से पारंपरिक टूल्स के सहारे 10 फीट के उस मलबे को काटकर निकासी का रास्ता बनाया.17 दिनों तक अंधेरी गुफा में जिंदगी की जंग लड़ रहे श्रमिकों को वापस निकालने के बाद अब इन माइनर्स ने मानवता का और भावनात्मक परिचय दिया है जिस पर पूरा देश सलाम कर रहा है. इन माइनर्स ने खुदाई के लिए मेहनताना लेने से भी इनकार कर दिया है. उनका कहना है, ÷अंदर फंसे लोग भी श्रमिक थे और वो भी श्रमिक हैं. अपने देशवासियों को बचाने की खुशी ही मेहनताना है. इसके लिए रुपये लेना




उन्हें गवारा नहीं है.÷

**अंदर फंसे श्रमिकों ने गले लगा लिया, कंधे पर उठाया**–इतना ही नहीं इन लोगों ने वह आपबीती सुनाई है जब सुरंग में आखिरी पाइप डालकर उसे साफ करते हुए वे मजदूरों तक पहुंचे. खुशी से मजदूरों ने इन्हें गले लगा लिया और कंधे पर उठा लिया था. एजेंसी क्ष्क्षद्ध की रिपोर्ट के मुताबिक रैट माइनिंग' तकनीक के विशेषज्ञ फिरोज कुरैशी और मोनू कुमार मलबे के आखिरी हिस्से को साफ कर उत्तराखंड के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों से मिलने वाले पहले व्यक्ति थे.दिल्ली निवासी कुरैशी और उत्तर प्रदेश के कुमार 'रैट माइनिंग' तकनीक विशेषज्ञों की 12 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे. दिल्ली के खजूरी खास के रहने वाले कुरैशी ने 'कहा, ''जब हम मलबे के आखिरी हिस्से तक पहुंचे तो वे (मजदूर) हमें सुन सकते थे. मलबा हटाने के तुरंत बाद हम दूसरी तरफ उतर गए.'' उन्होंने कहा, ''मजदूरों ने शुक्रिया अदा किया और मुझे गले लगा लिया. उन्होंने मुझे अपने कंधों पर भी उठा लिया.'' कुरैशी ने कहा कि उन्हें मजदूरों से कहीं ज्यादा खुशी हो रही थी. उन्होंने यह भी कहा कि बचाव अभियान में भाग लेने के लिए उन्होंने कोई पैसा नहीं लिया.

**रैट माइनर्स के बाद गए एनडीआरएफ कर्मी**–उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के निवासी कुमार कहते हैं, ''उन्होंने (मजदूरों ने) मुझे बादाम दिए और मेरा नाम पूछा. इसके बाद हमारे अन्य सहकर्मी भी हमारे साथ जुड़ गए और हम लगभग आधे घंटे तक वहां रहे.''

# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारंभ




**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मागंज वार्ड नंबर 5 में नौ दिवसीय श्रीराम कथा शुभारंभ के अवसर पर व्यासपीठ विराजमान किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने धर्मालुजनों को रामकथा के महत्व से परिचित कराया, किशोरी जी ने कहा कि रामचरित्र मानस भारतीय धर्म व संस्कृति का प्रतिबिम्ब है। श्री राम कथा के प्रथम दिन बूदाबाहू मंदिर घंटाघर से विशेष पूजा अर्चना के बाद पोथी व कलश यात्रा प्रारंभ हुई। के सानिध्य में यह पौथी व कलश यात्रा डीजे बैण्ड बाजे के साथ वार्ड की हजारों महिलाओं ने कलश सिर पर रख कर निकली। किशोरी जी ने बताया कि रामचरित मानस केवल एक ग्रंथ नही बल्कि आर्यावृत्त की धर्म व संस्कृति को प्रकट करने वाला विशिष्ट पुराण है। किशोरी जी ने कहा कि रामचरित मानस की रचना कर महर्षि तुलसीदासजी ने भारत वासियो पर अंनत उपकार किया है। यह ग्रंथ शिव व हरी विष्णु की महिमा को एकाकार करने की प्रेरणा देता है। रामचरित मानस में शिव व पार्वती की कथा एवं उसके बाद प्रभु श्रीराम की कथा दोनो ग्रंथ में समाहित है। आपने कहा कि जो भी धर्मालुजन रामचरित मानस की पौथी का पूरे मन वचन काया से पूजन करते है तथा आपने अपने घरो में इसका पाठ करते है। उन्हे प्रभु शिव व प्रभु राम दोनों की कृपा प्राप्त होती है। जीवन में जब भी रामकथा सुनने का अवसर मिले उस अवसर को नहीं चुकने दे।श्रीराम कथा मे कहा कि हमारे भारत की धरा बहुत ही पुण्यशाली भूमि है। इस भूमि पर जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हे ।कथा श्रोता समस्त वार्डबासी मागंज़ वार्ड 5 श्री राम कथा में नगर के सभी भाई बहनो से श्रीराम कथा श्रवण करने का आग्रह पंडित कृष्णा तिवारी ने किया है।

# कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

विधानसभा चुनाव-2023 के अंतर्गत 17 नवंबर को मतदान कराया गया है और मतदान के उपरांत ईव्हीएम को पीजी कॉलेज खरगोन के स्ट्रांग रूम में क?ी सुरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने आज 29 नवंबर को पीजी कॉलेज के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थओं का देखा। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों द्वारा तैनात प्रतिनिधियों से भी चर्चा की।पीजी कॉलेज खरगोन में बनाएं गए स्ट्रांग रूम में जिले के सभी छः विधानसभा क्षेत्रों के 1541 मतदान केन्द्रों की ईव्हीएम तीन स्तर की क?ी सुरक्षा में रखी गई है। पूरे स्ट्रांग रूम पर सीसी टीव्ही कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों द्वारा एलईडी स्क्रीन पर स्ट्रांग रूम की गतिविधियों को देखा जा रहा है। पीजी कॉलेज में बगैर परिचय पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है।

# स्कूल बेंग पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बिलाड़ा।**श्री आईजी विद्या मंदिर सीनियर माध्यमिक विद्यालय बिलाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भामाशाह के सहयोग से 80 विद्यार्थियों को स्कूल बैग बांटे गए। संस्था प्रधान पुखराज सीरवी ने बताया कि दक्षिण भारत में व्यवसाय करने वाले समाजसेवी व भामाशाह जगदीशसिंह हाम्बड़ हाल मुकाम कनकपुरा की तरफ से पूर्व घोषणा अनुसार विद्यालय के 80 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। इसी क्रम में उन्होंने राउमावि, पतालियावास में 60 बैग तथा राउप्रावि नं. 1 बिलाड़ा में 70 बैग वितरित किए। इस प्रकार कुल 210 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर सीरवी शिक्षा समिति बिलाड़ा व विद्यालय परिवार की तरफ से भामाशाह हाम्बड़ का इस पुण्य कार्य के लिए आभार प्रकट किया गया। संस्था प्रधान पुखराज सीरवी ने अपने संबोधन में कहा की विद्या के निमित्त किया गया दान श्रेष्ठ दान की श्रेणी में आता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अर्द्ध वार्षिक परीक्षाओं की नजदीकता के मद्देनजर पढ़ाई में जुट जाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में भामाशाह हाम्बड़ ने विद्या मंदिर परिवार द्वारा दिए गए मान-सम्मान के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समाजसेवी मोहनसिंह राठौड़, पूर्व थल सैनिक राजेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, चैनाराम काग, शिम्भुसिंह हाम्बड़, दुर्गाराम जांजावत, ओमसिंह राठौड़, भोलाराम राठौड़, नाथूलाल सुथार, रतनलाल राठौड़, गीदाराम चौधरी, सत्तार खान, नीलू चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विषय की व्याख्याता निकिता रानी सोनी ने किया ! ये जानकारी गोविंद सिंह पंवार रोबड़ी द्वारा दी गई।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियारो का निर्माण कर सप्लाय करने वाले माफियाओ के विरुद्ध कार्यवाही

खरगोन जिले
मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

**03 आरोपी गिरफ्तार**

**आरोपियों के कब्जे से कुल**

**13 फायर आर्म्स व 04 जिंदा राउंड जप्त**

**जप्तशुदा फायर आर्म्स व राउंड की कीमत लगभग 1,18,400 /- रुपये जप्त**

**अवैध फायर आर्म्स बनाने की सामग्री भी जप्त**



पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा अवैध हथियारों के निर्माण एवं अवैध खरीदी-बिक्र पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना मैंनगाँव चौकी जैतपुर के व्दारा की अवैध हथियारो का निर्माण कर सप्लाय करने वालो माफियाओ के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** -दिनांक 28.11.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, मारुती आईटीआई के पास सामने खण्डवा रोड खरगोन पर 02 व्यक्ति ख? है, जिनके पास अवैध हथियार है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने हुए पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के बताए अनुसार स्थान पर रवाना किया गया । पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान मारुती आईटीआई के पास सामने खण्डवा रोड खरगोन के पास पहुँच कर देखा तो वहाँ पर 02 व्यक्ति दिखाई दिए जिन्होंने पुलिस टीम को देख कर भागने का प्रयास किया । पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पक?ा व उनसे उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विनायक व कुणाल दोनों निवासी पुणे महाराष्ट्र के होना बताया । पुलिस टीम द्वारा विनायक व कुणाल की तलाशी लेने पर दोनों के पास से 02-02 पिस्टल व उन्मे 01-01 जिंदा राउन्ड डाला हुआ मिला ।

पुलिस टीम द्वारा विनायक व कुणाल के बैग को चेक करने पर विनायक के बैग से 05 फायर आर्म्स व कुणाल के बैग से 04 फायर आर्म्स मिले जिन्हे पुलिस टीम द्वारा जप्त किया गया । विनायक व कुणाल से पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त फायर आर्म्स को सिगनूर निवासी रोशन से खरीदना बताया । पुलिस टीम के द्वारा विनायक व कुणाल की निशानदेही पर सिकलीगर रोशन को सिगनूर मे स्थित घर पर घेराबंदी कर दबिश देकर पकड़ा गया व अवैध फायर आर्म्स बनाने की सामग्री जप्त की गई । गिरफ्तारशुदा आरोपियों के विरुद्ध थाना मैंनगाँव 468/23 पर 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है ।इस प्रकार आरोपियों के कब्जे से कुल जप्तशुदा 13 नग अवैध फायर आर्म्स व 04 जिंदा राउन्ड कीमत लगभग 1,18,400 /- रुपये जप्त जप्त किए गए है ।

गिरफ्तारशुदा आरोपी

1.विनायक पिता लक्ष्मण जाधव जाति कैकाडी उम्र 32 वर्ष निवासी 363 रास्ता पेठ कैकाडी गली पावर हाऊस चौक के पास थाना सामर्थ जिला पुणे महाराष्ट्र

2.कुणाल पिता राजेन्द्र सिंह परदेशी जाति राजपुत उम्र 35 वर्ष निवासी 564 घोरपडी पेठ राष्ट्रभुषण चौक खडख जिला पुणे महाराष्ट्र

3.रोशन उर्फ कुंदर पिता प्रताप सिकलीकर उम्र 27 वर्ष निवासी सिगनुर

**गिरफ्तारशुदा आरोपी के आपराधिक रिकार्ड**

1.कुणाल पिता राजेन्द्र सिंह परदेशी जाति राजपुत उम्र 35 वर्ष निवासी 564 घोरपडी पेठ राष्ट्रभुषण चौक खडख जिला पुणे महाराष्ट्र

क्र. जिला/थाना अपराध क्रमांक धारा

1पुणे सिटी थाना खड़क 176/18 307,504,506(2) भादवि, 37 पुलिस एक्ट , 135 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट , 25 आर्म्स एक्ट

2नासिक थाना येवाल तालुका 404/19 283 भादवि

3पुणे सिटी थाना स्वारगेट 26/23 142 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट

4पुणे सिटी थाना खड़क 349/16 25 आर्म्स एक्ट, 135,142,37 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट

5पुणे सिटी थाना खड़क 3120/15 25 आर्म्स एक्ट, 135,37 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट

6पुणे सिटी थाना डट्टेवाडी 150/13 120बी,143, 147,148,149,302,34 भादवि, 25 आर्म्स एक्ट, 135,37 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट

7पुणे सिटी थाना विश्रामबाग 291/12 399 भादवि, 25 आर्म्स एक्ट, 135,37 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट

8पुणे सिटी थाना ख?क 32/21 25 आर्म्स एक्ट, 135,37 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट

2.विनायक पिता लक्ष्मण जाधव जाति कैकाडी उम्र 32 वर्ष निवासी 363 रास्ता पेठ कैकाडी गली पावर हाऊस चौक के पास थाना सामर्थ जिला पुणे महाराष्ट्र

क्रजिला/थाना अपराध क्रमांक धारा

1पुणे सिटी थाना समर्थ 636/20 51 बी आपदा प्रबंधन, 188 269 भादवि

2पुणे सिटी थाना कोरेगाँव पार्क 32/18 143, 144,147,149,323,326,504 भादवि

3पुणे सिटी थाना डट्टेवाडी 150/13 120बी,143, 147,148,149,302,34 भादवि, 25 आर्म्स एक्ट, 135,37 महाराष्ट्र पुलिस एक्ट

**पुलिस टीम**

उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन श्री रोहित लखारे के मार्गदर्शन मे व थाना प्रभारी थाना मैंनगाँव श्री दिनेश सोलंकी, चौकी प्रभारी जैतपुर उनि. दीपक यादव के नेतुत्व मे सउनि अनिल तिवारी, प्रआर. 779 विकाश, प्रआर. 663 मुकेश पटेल, प्रआर. 573 मोहन, प्रआर. 382 लोकेश, आर.1013 अमित कुर्मी, आर. 989 अजीत वर्मा, आर.1029 प्रशांत व सायबर सेल से उनि सुदर्शन कुमार , प्रआर 777 आशीष अजनारे, आर. 275 अभिलाष डोंगरे, आर 693 सचिन चौधरी, आर 10 मगन, आर 238 विजयेन्द्र व आर 847 सोनू का विशेष योगदान रहा

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

# स्ट्रांग रूम एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की,कलेक्ट्रेट के कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज आईटीआई परिसर भिण्ड स्थित मतगणना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रॅाग रूम के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन आगामी 3 दिसम्बर को भिण्ड जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे, उन्होंने विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। इसके साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को भी देखा।मतगणना टेबलों, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्ट्रांग



रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कियाकलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड संजीव श्रीवास्तव ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को मतगणना की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिये बनायी गई व्यवस्था को देखा।उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें, किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मतगणना स्थल के निरीक्षण के पश्चात कलेक्ट्रेट के कोषालय के स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर डाक मतपत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त चम्बल संभाग दीपक सिंह, आईजी चम्बल संभाग सुशांत कुमार सक्सेना, डीआईजी कुमार सौरभ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक असित यादव, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री, एएसपी संजीव पाठक, एसडीएम भिण्ड रवि मालवीय, एसडीएम अटेर श्री पराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी अवधेशानंद जी ने प्रदान की संन्यास दीक्षा



**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

हरिद्वार। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को आचार्यपीठ श्री हरिहर आश्रम, कनखल में श्रीमत परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने अपने कृपालु शिष्य ब्रह्मचारी श्रीरामेश्वर जी को विधिवत संन्यास दीक्षा प्रदान की। के हरिद्वार. संन्यास दीक्षा के बाद ब्रह्मचारी श्री रामेश्वर जी अब संन्यासी के रूप में स्वामी रामात्मानंद गिरि के नाम से जाने जायेंगे।



# मारवाड़ के गौरव :मांगीलाल चौधरी

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**दिल्ली**/समाज और राष्ट्र को बदलने की क्षमता वो ही रखते हैं,जो इस देश के लिए दिन रात जीतें है। इन्हीं पंक्तियों को आत्मसात कर राष्ट्रवादी संगठन को अपनी जवानी सौंपने वाले मारवाड़ क्षेत्र के उभरते हुए युवा प्रतिभाशाली मांगीलाल सीरवी चौधरी का जन्म 10 फरवरी 1986 गांव बिजोवा रानी पाली जिले में हुआ। इन्होंने शिक्षा एम.ए.बिएड एल एल एम. हासिल की। वर्तमान में अधिवक्ता दिल्ली उच्च न्यायालय। आप बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवक बने नित्य एक घंटे की राष्ट्र आराधना ÷शाखा÷ इनके दैनिक जीवन की दिनचर्या में बालपन से ही शामिल हो चुकी थी। धीरे धीरे ये लगाव और समर्पण और गहराता गया और अपने जीवन राष्ट्र के नाम करने का निश्चय लिया, जिस दौर में लोग संघ का नाम लेने से भी डरते थे इस फैसले में आपके किसान पिता नगराज चौधरी ने भरपूर समर्थन दिया और आपने संघ कार्य हेतु घर त्याग दिया। आपको सर्वप्रथम देसूरी खंड विस्तारक का दायित्व सौंपा गया जिसको इन्होंने बखूबी निभाया। आगे के दायित्व निम्नलिखित हैं मारवाड़ जंक्शन विस्तारक आरएसएस, जवाली विस्तारक, पाली सोमनाथ मंडल कार्यवाह, आपकी तेज तर्रार कार्यशैली और वाक् कौशल को देखकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अग्रणी



आनुषांगिक संगठन जो आज के समय विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद÷एबीवीपी.में कार्य करने हेतु संगठन ने भेज दिया। जहां उन्होंने लंबे समय तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता के तौर पर कार्य किया। विद्यार्थी परिषद में आपके निम्न दायित्व रहें पाली जिला संयोजक एबीवीपी.जोधपुर जिला संगठन मंत्री, जोधपुर महानगर एवं जिला संगठन मंत्री, जयपुर -दौसा जिला संगठन मंत्री, राजस्थान प्रदेश कार्यालय मंत्री, दिल्ली प्रदेश के मध्य विभाग के विभाग संगठन मंत्री,अखिल भारतीय राजधानी कार्यालय मंत्री, संयुक्त राजस्थान के प्रदेश सह संगठन मंत्री, जोधपुर प्रान्त संगठन मंत्री रहे। इतने लंबे समय तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता के नाते जीवन जीते हुए फिर आपने पारिवारिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए घर लौटने का निश्चय किया, लेकिन वो कहते है ना कि योग्यताएं और क्षमताओं की उपेक्षा कौन कर सकता है। आपके घर लौटने के कुछ समय पश्चात ही आपके राजनैतिक जीवन की शुरुआत हो गई। आपको संगठन के निर्देश पर पश्चिम बंगाल भेजा गया।आप पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव के आई टी सेल के इंचार्ज के नाते कार्य किया, और कोरोना जैसे विकट परिस्थितियों वाले चुनाव में भी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। आपके कौशल को देखते हुए उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री सुनील बंसल के निर्देश पर उत्तर प्रदेश का आई टी का कार्य सौंपा गया, जहां उन्होंने आई टी सेल प्रदेश सह संयोजक रहते हुए कोरोना के सांये में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी ने बंपर जीत दर्ज की और यूपी में भी अपने क्षेत्र मारवाड़ का डंका बजाया। ऐसे कठिन परिश्रमी और जबरदस्त प्रतिभा के धनी, मृदु भाषी, शिक्षित युवा, राष्ट्रवादी विचारों से ओतप्रोत व्यक्तित्व वाले का जन्म हमारे मारवाड़ क्षेत्र में होना हमारे लिए गर्व की विषय है।आने वाले समय में यह व्यक्तित्व हमारे क्षेत्र की आवाज पूरे प्रदेश एवं देश स्तर पर बुलंद करेगा ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।

# थाना करेरा प्रांगण मैं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में सम्पन्न हुई शांति समिति की बैठक

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी के निर्देशन में समाज में घटित हो रही गंभीर घटनाओं एवं उसके बाद सामाजिक संगठन बनाकर उन घटनाओं का समर्थन करने या पार्टियां बना कर घटनाओं को और बढ़ावा देने जैसी दूषित भावनायें एक समाज में दूसरे समाज के प्रति आपस में मनमुटाव हो गया है सभी समाजों को एक साथ लाने हेतु आजका थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश प्रताप सिंह भरिया जी के निर्देशन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उय सभी समाज एवं धर्म में शांति सद्भावना बनी रहे इस मुद्दे को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य बिंबवटुम्बकम रखा गया था। इसका अर्थ परती ही परिवार है। इस धरती पर जो भी लोग जाति, धर्म सम्प्रदाय से आते है वह मिल जुलकर रहे बीता हस्ता शिवपुरी जिले की



पुलिस के लिये बहुत ही बदायक रहा है जहां एक ओर चकरायपुर की पटरा में एक समाज के लोगो की दर्दनाक हत्या हो जाना बही भीती में भी एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आने के बाद एक समाज एवं दूसरे समाज में बेनुष्य की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। लेकिन एक व्यक्ति के अपराध पर पूरी समाज दोषी नही कहलाती है। हमारा उद्देश्य अपराधी को सजा दिलाना है की पूरी समाज से लड़ना है। करेरा एसडीओपी श्री मुक्ती जी ने कहा कि हमे सभी लोगो से भाई भारा रखना है और पीच पाँव के साथ जो बैक में आये अपने गाँव में भी यह मेसिनको कि हमे जातिगत धारणा समासे अपराधी प्रवर्ति के लोगो को खत्म करना है सभी समाज पुलिमका सहयोगको बैंक से श्रीमान एसडीओपी महोदय कौरा श्री शिवनारायण मुका तहसील महत्री कल्पना शर्मा, सीएमओ श्री तारा धूलिया, थाना प्रभारी सुरेश शर्मा सहित शहर के एडवोकेट रोके जायज व ठाकर समाज के प्रतिधित व्यक्ति महेन्द्र सिंह सिरसीम नामों पाटी के नेतागण, ग्रामीण श्रीराम जाट श्री संतोष जय अध्यक्ष कार समाज के अध्यक्ष श्रीमतिमा निरीय समाज के अध्यक्ष कल्याण सिंह अकुर समाजसेसर राजेन्द्रसिह गुर्जरपाल के ड़ड़ड़ड़। श्री गोपाल सिंह पाल, आमसभा के अध्यक्षीय विधायक प्रतिनिधि श्री गोलू मिश्रा, कोली समाज के अध्यक्ष काजी नम्जो भातन एवं महिला नागरिक उपस्थित रहे जिसमें सभी कोली शहर के मुस्लिम समाज के प्रतिशत व्यकि दमयन्ती मित्रा, सीमा गौड़ आति करो 250 अपने विचार किये। श्रीमान राहीलदार महोत कोरा श्रीमान एसडीओपी महराद्वारा भी एक दूसरे समाज में समाजस्य बनाये रखने हेतु

# रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के छात्र-छात्राओं ने जिले में किया कृषि अध्ययन का सर्वे

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी के 8 छात्रों एवं 6 छात्राओं ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी में भा.कृ.अनु.प.-अटारी जोन 9 जबलपुर के समन्वय से शिवपुरी जिले के दलहन प्रधान विकासखण्डों कोलारस, बदरवास, पोहरी एवं शिवपुरी के 35 से अधिक ग्रामों में 446 किसानों एवं कृषक महिलाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जाकर कृषि तकनीकी जानकारी का सर्वे किया। उक्त सर्वे कार्य के लिए निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.एस.एस. सिंह आर.एल.व्ही.सी.ए.यू. द्वारा निदेशक विस्तार सेवाएं, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. ग्वालियर के समन्वय में कार्य करते हुए यह कार्य कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एम.के. भार्गव द्वारा सहभागिता कराते हुए संपन्न कराया गया। रावे छात्र-छात्राओं के दल की समन्वयक डॉ. अनुसुइया पांडा एवं डॉ. मिहिररंजन पांडा ने जिले के स्थानीय कृषि सर्वे (एल.डी.एस.) के लिए समन्वय को आगामी अध्ययन एवं कार्ययोजना के लिए बहुत उपयोगी बतलाया तथा केन्द्र के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया। उक्त सभी कार्य में कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्य स्टाफ का भी सहयोग रहा

# विधानसभा आम निर्वाचन 2023मतगणना कार्य के लिए सभी माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

**सक्ती,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में मतगणना ड्यूटी में लगे सभी माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में इटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईव्हीएम, वीवीपेट की मतगणना के संबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए माइक्रो आब्जर्वर से संबंधित दायित्वों की जानकारी विस्तार से दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालेश्वर राम, अतिरिक्त कलेक्टर श्री बीरेन्द्र कुमार लकड़ा, नोडल अधिकारी श्री बी पी भारद्वाज सहित माइक्रोआब्जर्वर उपस्थित थे।

# मोबाइल से लगाव, बढ़ा रहा है मानसिक तनाव-



ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि मोबाइल से मानसिक तनाव सबसे अधिक छात्र, शिक्षक, वकील और व्यापारी झेल रहे हैं। इसमें महिलाएं भी शामिल है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि अगर समय रहते मोबाइल से उचित दूरी नहीं बनाई गई तो इसके परिणाम बहुत घातक साबित हो सकते हैं। सोते समय मोबाइल को दूर रखने की सलाह दी गई है।काउंसिल के दौरान एक 10 वर्ष की बच्ची में गंभीर समस्या देखने को मिली। बच्ची मोबाइल से रील्स बनाती है। यदि उसे कोई लायक नहीं मिलता तो वह खाना खाना छोड़ देती है। रोने के साथ-साथ जमीन पर भी लेट जाती है। अभिभावक जब लाइक करते हैं तो वह बच्ची मानती है।थिंक मानवाधिकार संगठन की एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि 15 वर्ष से 25 वर्ष तक के लोगों में मोबाइल की लत से मानसिक तनाव अधिक देखने को मिल रहा है। अत्यधिक मोबाइल के प्रयोग से आंख संबंधी बीमारियां भी बढ़ रही है।अगर आप फोन का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो आपको सिरदर्द, आंखों में तनाव और नींद के पैटर्न में गड़बड़ी की समस्या हो सकती है।इसके अलावा, यदि आप गाड़ी चलाते समय अपने फोन का उपयोग कर रहे हैं, तो इससे ड्राइविंग से आपका ध्यान हट सकता है और कार दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है, जो संभावित रूप से आपके लिए घातक हो सकता है।शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जी, शालू सिंह एडवोकेट, विमला चौधरी, मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक डॉक्टर एच सी राजेंद्र कुमार जैन, आलोक गुप्ता एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, डॉ आरके शर्मा, निदेशक डॉक्टर नरेंद्र चौधरी आदि ने कहा कि बच्चे जब रोते हैं या किसी चीज के लिए जिद करते हैं तो अक्सर मां-बाप पीछा छुड़ाने के लिए बच्चों को मोबाइल या कोई और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट थमा देते हैं।

# पूरी पारदर्शिता के साथ होगी मतगणना - जिला निर्वाचन अधिकारी

## अभ्यर्थी, अभिकर्ता और पत्रकारों के साथ बैठक

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवंबर को मतदान हुआ। अब 3 दिसंबर को मतगणना की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार चौधरी ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी, अभिकर्ता और पत्रकारों के साथ बैठक की और आयोग की दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की पांच विधानसभा करेरा, पोहरी, शिवपुरी, पिछोर व कोलारस की मतगणना शासकीय पीजी कॉलेज शिवपुरी में होगी। मतगणना प्रातः 8:00 बजे से शुरू होगी। जिसमें प्रातः 8 बजे पोस्टल बैलेट की गणना शुरू होगी। सभी अभ्यर्थी और उनके एजेंट को आयोग



के निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई जिसमें एजेंट की भूमिका बताई गई।

**प्रत्येक कक्ष में रहेंगे 16 टेबल-** मतगणना के लिए विधानसभा बार प्रत्येक कक्ष में 16- 16 टेबल लगाई गई हैं। शिवपुरी विधानसभा के पोस्टल बैलेट के लिए चार टेबल और पिछोर के लिए तीन टेबल और बाकी विधानसभा के लिए पोस्टल बैलेट के लिए दो-दो टेबल रहेंगी।

**सुरक्षा व्यवस्था -**मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, जिसमें एसएएफ,पुलिस और सी एपीएफ का फोर्स तैनात रहेगा। मतगणना में लगे अधिकारी कर्मचारी मतगणना एजेंट और मीडिया प्रतिनिधियों को प्रवेश पत्र के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा।

**मोबाइल फोन व धूम्रपान प्रतिबंधित-** मतगणना स्थल में मोबाइल फोन नही ले जा सकेंगे। बीड़ी, सिगरेट किसी भी प्रकार का धूम्रपान प्रतिबंधित रहेगा।

# दुबई में भारत का लहराया तिरंगा एशियन गेम्स में बेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

## आज आएंगे विष्णु सिंघल नगर में जगह जगह स्वागत की भव्य तैयारियां

### माता पिता एव क्षेत्र का नाम किया रोशन

क्रदुबई में भारत का लहराया तिरंगा एशियन गेम्स में बेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मैडल मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की कैलारस तहसील मुख्यालय पर रहने बाले विष्णु सिंघल पिता दिनेश सिंघल ने दुबई में आयोजित एशियन गेम्स बेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भारत के लिये गोल्ड मेडल जीतकर अपने परिवार सहित तहसील मुख्यालय से लेकर जिले संभाग मध्यप्रदेश सहित पूरे भारत का नाम एशिया में रोशन किया है




बही विष्णु सिंघल ने बताया कि मेने कैलारस तहसील मुख्यालय पर रहकर अपनी शिक्षा ग्रहण की लेकिन मेरे मन मे एक इच्छा थी कि मे अपने अपने परिवार एव क्षेत्र का नाम रोशन करू तो मैने कैलारस में ही केसरी फिटनेस जिम में जा कर कोच गगन राजपूत सर से तैयारी की जिसमे मेरे माता पिता, बहिन सहित परिवार के सभी सदस्यों कोच गगन राजपूत सर सराहनीय सयोग किया इसी से में आज इस मुकाम पर पहुच पाया हूँ में इन सभी के सयोग एव आशीर्वाद से दुबई में आयोजित एशियन गेम्स वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर एशिया में भारत का नाम रोशन किया बही विष्णु सिंघल की परिवारजनों ने बताया कि विष्णु सिंघल के जीत के बाद मुरेना जिले में प्रथम नगर आगमन 29 नबम्बर को 11 बजे मुरेना रेल्वे स्टेशन उतरेगे उनके मुरेना जिले में प्रथम नगर आगमन को लेकर शहर में जगह जगह होडिग्स पोस्टर लगवाए गए है एव उनके स्वागत की मुरेना से लेकर कैलारस तक जगह जगह तैयारीया चल रही हैं हम परिवार जन उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं

# महिशबथान के साप्ताहिक मेवसी हटिया मैं 20हज़ार से अधिक अवैध वसूली करते हैं नौशाद सेख

दुमका झारखंड। उपराजधानी दुमका के अन्तर्गत रानीश्वर क्षेत्र के कुमिरदहा पंचायत के महिशबथान में प्रत्येक बुधवार को यहां मैवसी हटिया लगते हैं। मैवसी हटिया मैं अवैध वसूली को लेकर महिशबथान के ग्रामीणों ने स्थानीय अधिकारी को लिखित पत्र दिए थे। जिसका खबर दैनिक अखबार मोरेना केसरी में गुरूवार को प्रकाशित होने के बाद दबंग किस्म के



व्यक्ति महिशबथान के ग्रामीणों के पास समझोता के लिए लगा रहे हैं चक्कर। बताते चलें कि ग्रामीण ने पत्र में लिखा था अवैध वसूली करने वाले नौशाद शेख ग्राम हामिदपूर से आ कर मवेशी हटिया मैं अवैध वसूली करते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार प्रत्येक बुधवार को यहां बीस हजार रूपये से अधिक वसूली करते हैं। नौशाद शेख यहां पांच वर्षो से अधिक दिनों से यहां वसूली करते आ रहे हैं।

# श्री राजेन्द्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल के मैदान पर श्री राजेन्द्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल एवं बालाजी क्रिकेट अकादमी के बीच 40 ओवर का मैच खेला गया




क्रिकेट मैच का उद्घाटन स्कूल स्कूल के निदेशक अक्षत सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया ।बालाजी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सभी विकेट खो कर 179 रन बनाये।जिसमे तुषार राजपूत 63 रन, अक्षत शर्मा 32 रन,अंकित यादव 25 रनो का योगदान दिया ।गेंदबाजी करते हुए श्री राजेन्द्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल की ओर से शिवा सैनी 3 विकेट ,जितेंद्र तोमर 2 विकेट ,अथर्व वार्ष्णेय 2 विकेट ,अजय कुमार 2 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्री राजेन्द्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने 32 ओवर में 9 विकेट खो कर 180 रन बना लिए जिसमे यश वर्मा 62 रन ,रोहित कुमार 32 रन ,पवन राघव रन ,यथार्थ 15 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए बालाजी क्रिकेट अकादमी की ओर से ललित कुमार 3 विकेट ,तुषार राजपूत 2 विकेट ,सुंदर 2 विकेट मयंक कुमार 2 विकेट लिए। ये मैच श्री राजेन्द्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल ने 1 विकेट से जीत लिया ।इस मौके पर रिंकू दीक्षित ,तुषार राजपूत ,लोकेश कांत ,तरुन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# जिले की एकमात्र संस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैलारस को मिला






**कैलारस-** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैलारस पर श्रीमान कलेक्टर महोदय श्री अंकित अस्थाना जिला मुरैना एवं डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. राधिका मैडम राज्य सलाहकार के मार्गदर्शन में भारत सरकार द्वारा नियुक्त टीम द्वारा संस्था का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन हेतु निरीक्षण किया गया जिसमें डॉ. मेहताब सिंह दिल्ली एवं डॉ. हेम सिंह राठौड बडोदा गुजरात द्वारा दिनांक 15.09.2023 से 16.09.2023 तक संस्था पर उपस्थित होकर समस्त विभागो का निरीक्षण किया गया एवं संस्था के रिकार्ड का अवलोकन किया गया जिसके चैकलिस्ट अनुसार संस्था की व्यवस्थाये एवं रिकार्ड कीपिग उच्च स्तरीय पाई गई तथा जिले की एक मात्र संस्था सा0 स्वा0 केंद्र कैलारस को 79.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन हेतु चयनित किया गया सा0 स्वा0 केंद्र कैलारस विगत 03 वर्ष से प्रतिवर्ष कायाकल्प अभियान अंतर्गत चयनित होकर अवार्ड प्राप्त कर रही है। इस कार्य की सफलता का श्रेय संस्था के प्रमुख डॉ. शोभाराम मिश्रा (सी.बी.एम.ओ.), डॉ. सुरेन्द्र गुर्जर (आर.एम.ओ.), डॉ. प्रमोद मिश्रा डी.क्यू.एम., एस.पी. श्रीवास्तव डी.पी.एम. तथा जिला चिकित्सालय मुरैना की सहयोगी टीम जितेन्द्र जी, लक्ष्मी मेडम, गीतांजलि सिंह, स्वेता ओझा एवं उनकी सहयोगी टीम का सहयोग रहा। स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं में डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. राघवेन्द्र कुशवाह, डॉ. अनूप शर्मा, डॉ. गजेन्द्र भारती, डॉ. शैलेन्द्र सिकरवार, डॉ. कल्पना शर्मा, डॉ. रिचा शाक्य डॉ. अमित बंसल, डॉ. आशू राजपूत, उमाशंकर उपाध्याय, सतेन्द्र दांतरे बी.पी.एम., रवि गर्ग अकाउटेंट, जबरसिंह गुर्जर श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव, शशी शर्मा सुरेश शर्मा, आर.डी. शर्मा, अमित रावत, विनोद रावत, राजेन्द्र शाक्य, सतेन्द्र शर्मा, सुमन बडेरिया जगन्नाथ निगम कोकसिंह राठौर रामअवतार श्रीवास महेशलाल स्वीपर रघुवीर व रूपा एवं समस्त अस्पताल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# सेहत ही नहीं बालों के लिए भी वरदान है आंवला, जानें इससे हेयर केयर में कैसे करें शामिल



**आंवला विटामिन-सी का समृद्ध स्रोत है। इसके इस्तेमाल से बालों को पोषण मिलता है। अगर आप हेयर फॉल डैंड्रफ की समस्या से अक्सर परेशान रहते हैं तो हेयर केयर में आंवले को जरूर शामिल करें। इसके इस्तेमाल से बाल मजबूत और चमकदार होंगे। आप घर पर ही आंवला से कई तरह के हेयर मास्क बना सकते हैं।**

आंवला सेहत का खजाना माना जाता है। सर्दियों में इसे खाने से कई बीमारियां दूर रहती हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा अधिक होती है। यह विटामिन-सी का समृद्ध स्रोत है। आंवला खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं आंवला के इस्तेमाल से आप बालों को भी मजबूत बना सकते हैं। आप घर पर ही आंवला से कई तरह के हेयर मास्क बना सकते हैं। इसके इस्तेमाल से हेयर फॉल, डैंड्रफ आदि की समस्या दूर हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे आंवला से हेयर मास्क बनाने के तरीके।

### आंवला और नारियल का तेल

बालों के विकास के लिए आंवला और नारियल तेल का हेयर मास्क काफी फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आंवले को धूप में कुछ दिनों तक सूखाएं। इसके बाद इसे टुकड़ों में कर लें। फिर एक पैन में नारियल तेल गर्म करें। इसमें आंवले के टुकड़ों को डालें , इसे उबालें। जब ये उबल जाए, तो गैस बंद कर दें। अब तेल को ठंडा कर लें और डिब्बे में स्टोर कर लें। आप रोजाना बालों पर इस तेल से मालिश कर सकती हैं। जिससे बालों से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। यह तेल बालों के लिए टॉनिक के रूप में काम करता है।

### आंवला और नींबू का रस

नींबू के रस में एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटीवायरल गुण होते हैं। जो बालों की ग्रोथ के लिए बहुत ही फायदेमंद है। आप बालों के लिए आंवला और नींबू का एक साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। एक प्लास्टिक के कटोरे में 1 बड़ा चम्मच आंवले का पेस्ट लें, इसमें नींबू का रस मिलाएं। इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें, करीब 15-20 मिनट बाद शैम्पू से धो लें। आप हफ्ते में इस प्रक्रिया को दो बार कर सकते हैं। इससे बालों की ग्रोथ तेजी से होती है।

### आंवला और दही का हेयर मास्क

बालों को मजबूत बनाने के लिए आंवला और दही का हेयर मास्क जरूर इस्तेमाल करें। इस मास्क को बनाने के लिए एक छोटा बाउल में दो चम्मच आंवला पाउडर लें, इसमें गर्म पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इसमें 2 चम्मच दही और एक चम्मच शहद मिक्स करें । इस मिश्रण को अच्छी तरह फेंट लें। अब इसे बालों पर लगाएं, करीब 30 मिनट बाद पानी से धो लें।

### आंवला और करी पत्ता

आंवला और करी पत्ते का इस्तेमाल कर हेयर पैक बना सकते हैं। इसके इस्तेमाल से हेयर फॉल की समस्या कम होती है। इस पैक को बनाने के लिए एक पैन में नारियल तेल गर्म करें, इसके बाद इसमें कटा हुआ आंवला और करी पत्ता डालें।

# पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य



त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है।त्यौहारों के आनंद, हर्षोल्लास और आमोद-प्रमोद के बीच कुछ देर ठहरकर यह विचार करना रोचक हो सकता है कि आखिर हम त्यौहार मनाते क्यों हैं? इसलिए कि परम्परागत रूप से ऐसा चला आ रहा है? हमारे मां-बाप को हमने ऐसा ही करते देखा है और उन्होंने भी अपने मां-बाप को ऐसा ही करते देखा था। अगर मां-बाप को याद न भी करें तो आस-पास वाले मना रहे हैं इसलिए हम भी मना लेते हैं। अनुकरण सहज मानवीय प्रकृति है और जो अच्छा है, सुखद है, उसका अनुकरण करने में कुछ सोचने की ज़रूरत ही कहां है?जो लोग पढ़े-लिखे हैं या जिज्ञासु वृति के विचारवान हैं, वे शास्त्रों और किताबों को खंगालते हैं और त्यौहारों के उद्गम और उनकी परम्परा तक जा पहुंचते हैं। वे इस बात की पड़ताल करते हैं कि किसी त्यौहार की शुरुआत कब और कैसे हुई तथा कालांतर में उसके स्वरूप में क्या परिवर्तन हुए। इन सब में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो बग़ैर किसी ना-नुकर के खुश होकर त्यौहार मनाते हैं, अपनी खुशियों में औरों को शामिल करते हैं, औरों की खुशी में खुद शामिल होते हैं। खुशी मनाने के मामले में ये तनिक भी कृपण नहीं होते और किसी को अलग रखने की बजाय सबको शामिल करने में और सबके साथ जुड़ जाने में विश्वास करते हैं।

ऐसे लोगों को इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि यह त्यौहार इसका है और यह त्यौहार उसका है। ये लोग सही अर्थों में वसुधैव कुटुम्बकम के समर्थक होते हैं। त्यौहार हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं और हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं, लेकिन सारी दुनिया तो एक जैसी नहीं होती। बहुत सारे लोग ऐसे भी हमारे चारों तरफ़ हैं जो उनकी खुशी और %हमारी% खुशी में अंतर करते हैं। %उनका% त्यौहार हम क्यों मनाएं और हमारे त्यौहार में वे क्यों शामिल हों? ऐसे लोग बहुत बारीकी से पड़ताल करते हैं और हर बात में मीन-मेख निकालते हैं।यह बात और भी आगे बढ़ती है। त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों पर भी खूब विवाद होते हैं, बहसें होती हैं। अब यह तो बहुत सामान्य बात है कि दुनिया में चीज़ें हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। बदलाव होते हैं। आज से सौ बरस पहले कोई त्यौहार जैसे मनाया जाता था, आज वैसे नहीं मनाया जाता। पहले दिवाली पर घी या तेल के दिये जलाए जाते थे, आज यह काम प्रतीक रूप में करके बिजली के बल्बों से रोशनी की जाती है। पहले बड़े बल्बों से रोशनी की जाती थी, अब छोटे और बहुत कम ऊर्जा खाने वाले बल्ब चलन में आ गए हैं।

हमने सहज भाव से इन बदलावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन जिन्हें विवाद प्रिय हैं वे इन बातों में भी विवाद के मौके तलाश लेते हैं। अगर बल्ब का प्रयोग किया जा रहा है तो यह देखना ज़रूरी होने लगा है कि उसका उत्पादन किस देश में हुआ है। आपकी खुशी को आपकी देशभक्ति के साथ नत्थी कर दिया जाता है। वैसे यह नत्थीकरण भी बहुत सेलेक्टिव होता है। सरकारी स्तर पर और बहुत बड़े पैमाने पर भले ही इस तरह की देशभक्ति की पड़ताल न की जाती हो, छोटे लोगों को इस खुर्दबीन के नीचे रखकर परखा जाता है।यह सब अकारण होता हो ऐसा भी नहीं है। इस सबके पीछे बड़ी ताकतें बहुत चालाकी से अपना खेल खेलती हैं। इस बात को ऐसे समझें - त्यौहारों पर हमारे यहां मिठाई खाने और खिलाने की परम्परा है। हम सबको इसमें आनंद मिलता है। मिठाइयों के स्वरूप में बहुत बदलाव आए हैं। कल तक जो मिठाइयां चलन में थीं वे आहिस्ता-आहिस्ता लुप्त हो गई हैं और उनकी जगह नई, चमकदार और महंगी मिठाइयों से बाज़ार पट गया है। मिठाइयों को विस्थापित करने के प्रयत्न भी कम नहीं हुए हैं। आपकी सेहत की फ़िक्र को आगे करके मिठाइयों की लड़ाई मेवों से करवा कर उनके बाज़ार को मज़बूत किया गया है।मिठाइयों के कच्चे माल में मिलावट की बात को रेखांकित करके चॉकलेट को प्रचारित और स्थापित किया गया है। इस बात को समझने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि मिठाइयों के विस्थापन और चॉकलेट के प्रतिस्थापन में किसका और कैसा हित निहित रहा होगा। जो संगठित हैं और शक्तिशाली हैं, वे असंगठित और अपेक्षाकृत कमज़ोर को पराजित करेंगे ही। हमारे देखते-ही-देखते पारम्परिक हलवाई के पेट पर लात मारकर मेवों और चॉकलेट को उनकी जगह स्थापित कर दिया गया है।ऐसा ग़रीब-नवाज़ मिठाइयों को लेकर भी किया गया। एक ताज़ा उदाहरण सोन पापड़ी का है। उसे लेकर जितने लतीफ़े बने, उसका जितना उपहास किया गया, क्या वह सब आकस्मिक था? क्या उसके पीछे कोई बड़ा खेल नहीं था? बेशक हमारे यहां मिलावट का कारोबार खूब होता है और कोई भी उसका समर्थन नहीं करेगा, लेकिन समझने की बात यह है कि यह हल्ला केवल उसी समय किया जाता है जब ऐसा करने से किसी का लाभ होता हो।

त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है। देखने की बात यह भी है कि बाज़ार हमारे पूरे सोच और हमारी जीवन-शैली पर इतना हावी हो गया है कि कभी-कभी तो हमें लगता है कि त्यौहार के लिए बाज़ार नहीं है, बाज़ार के लिए ही त्यौहार है।इधर जैसे-जैसे हमारी समझ और संवेदनशीलता में वृद्धि हुई है हम बहुत सारी बातों पर विचार करने लगे हैं। कोई त्यौहार मनाने का तरीका अगर अनुचित है तो उसकी तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाने लगा है। इसमें कोई हज़ भी नहीं है। आपको कहीं जाना है तो आप रास्ता बदलकर भी जा सकते हैं। पर्यावरण के प्रति हमारी जागरूकता बढ़ती जा रही है, हम वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के बारे में सोचने लगे हैं। अगर जलस्रोत छीजते जा रहे हैं तो हम पानी बचाने के बारे में सोचने लगे हैं। यह सब समय की मांग और हमारी विवेकशीलता का परिचायक है, लेकिन यह देखकर बहुत दुख होता है कि समाज का एक तबका परम्परा निर्वाह के नाम पर इन चिंताओं का कटु और साम्प्रदायिक विरोध करने लगता है।इतना तो स्वीकार्य है कि कोई किसी की बात से सहमत न हो, लेकिन इससे किसी की नीयत पर ही संदेह करें और उसे धार्मिक-साम्प्रदायिक चश्मे से देखने लगें, यह बहुत पीड़ादायक है। दुर्भाग्य से हमारे समय में ऐसा बहुत हो रहा है। जब हवाओं में पहले से इतना ज़हर घुला हो कि सामान्य रूप से सांस भी लेना दूभर हो गया हो तब पटाखे चलाकर त्यौहार मनाना कहां की समझदारी है? जब लोगों को पीने के लिए पानी मिलना भी कठिन होता जा रहा हो तब अगर कोई पानी बचाने की गुहार लगाए तो उसका बुरा क्यों माना जाना चाहिए? किसी विवेक-सम्मत बात के विरोध में धर्म का झण्डा बुलंद करना और फिर बीच में किसी और धर्म को ले आना किस तरह की धार्मिकता है?इधर एक और प्रवृत्ति देखने में आने लगी है जो बहुत चिंताजनक है।

## संपादकीय

# डीपफेक का खतरा

हाल के दिनों में सूचना माध्यमों में डीपफेक शब्द सुर्खियों में है। डीपफेक तकनीक के शिकार होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस संकट को लेकर पिछले दिनों प्रधानमंत्री भी चिंता जता चुके हैं। अब सरकार भी सोशल मीडिया कंपनियों को चेता चुकी है कि वे इसके लिये जवाबदेह होंगे और उन्हें सेफ हार्बर नहीं मिलेगा। सरकार इस मामले में कमर कस चुकी है और पंद्रह दिन में नया कानून लाने की बात कर रही है, जिसमें पुराने नियमों में बदलाव करके नये सख्त नियम जोड़ने की बात सामने आई है। उल्लेखनीय है कि इस तकनीक के गलत इस्तेमाल से बने सेलिब्रिटीज के भी कई डीपफेक वीडियो वायरल हुए हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्रा रश्मिका मंदाना, काजोल व कटरीना आदि के नाम सामने आए हैं। दरअसल, ऐसा नहीं है कि डीपफेक के मामले केवल भारत तक ही सीमित हों। विगत में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा व मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। दरअसल, डीपफेक बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये किसी की फर्जी तस्वीर या वीडियो बनाया जाता है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमता के एक प्रकार डीप लर्निंग का प्रयोग किया जाता है, जिसके चलते इसे डीपफेक कहा जाता है। दुनिया में अश्लील सामग्री तैयार करने में बड़े पैमाने पर इस तकनीक का प्रयोग किया जाता रहा है। इस मामले में तकनीकी विस्तार से समाज पर खासा प्रतिकूल असर पड़ रहा है। हर साल हजारों की संख्या में डीपफेक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित होते रहते हैं। दरअसल, इस तकनीक का प्रयोग महिलाओं की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिये किया जाता रहा है, जिसके लिये फिल्म व संगीत से जुड़ी हस्तियों को ज्यादा निशाना बनाया जाता है। कुछ साल पहले भारत में फर्जी वीडियो बनाकर संप्रदाय विशेष के लोगों को टारगेट किया गया था। ऐसा भी नहीं है कि सिर्फ महिलाएं ही इस फर्जी तकनीक का शिकार होती हैं। पुरुष भी इस भ्रमजाल का शिकार बनते हैं। लेकिन सामान्यतः पुरुष ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेते।बहरहाल, यह रोग समाज को घुन की तरह खोखला कर रहा है। अब तक ऐसी खबरें आती थी कि विशिष्ट लोगों के चित्रों से छेड़छाड़ की गई है, लेकिन उसकी पहचान हो जाती थी कि खेल नकली है। लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता के चलते डीपफेक इतनी चतुराई से तैयार किया जाता है कि सही-गलत का भेद करना मुश्किल हो जाता है, जिसका उपयोग किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिये किया जाता है। चिंता की बात यह है कि विकसित तकनीक के जरिये वीडियो व ऑडियो के सही-गलत का भेद करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि इसका दुरुपयोग धार्मिक व सांप्रदायिक मामलों में किया जाता है तो समाज में अराजकता की स्थिति पैदा हो सकती है।

दरअसल, संकट यह भी है कि इस तकनीक के जरिये ऑडियो का भी डीपफेक तैयार किया जाता है। बड़ी हस्तियों की आवाज बदलने के लिये वायस क्लोन्स का इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, आज शातिर लोग बिना कंप्यूटर के मोबाइल से भी डीपफेक वीडियो बनाने लगे हैं, जो साइबर अपराधियों का नया हथियार बन गया है, जिसके जरिये इसका इस्तेमाल भयादोहन व फिरौती वसूलने तक के लिये किया जा रहा है। किसी भी सामाजिक व्यक्ति की छवि खराब करने के लिये डीपफेक वीडियो को सोशल मीडिया पर डालकर वे अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देते हैं। खासकर वे समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों व राजनेताओं को निशाने पर लेते हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि भविष्य में चुनाव के दौरान मतदाताओं को भ्रमित करने के प्रयास किये जा सकते हैं। राजनेताओं के डीपफेक वीडियो प्रसारित करने से राजनीतिक दल की संभावनाओं को प्रभावित करने की आशंका भी पैदा हो सकती है। यही वजह है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने इसे देश के सामने मौजूद बड़े खतरों के रूप में दर्शाया और समाज में अराजकता फैलने की आशंका व्यक्त की। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये कानून बनने और इस मामले में कड़ी सजा के प्रावधान से इस चुनौती का मुकाबला किया जा सकेगा।

# विश्व की सुंदरतम नगरी बनने और वैश्विक पटन पर छाने के लिए तैयार है अयोध्या

500 वर्षों के अथक संघर्ष के पश्चात नौ नवंबर 2020 को माननीय उच्चतम न्यायलय द्वारा अयोध्या पर राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय देने के बाद, श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला के भव्यङ्कदिव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पूर्णता की दिशा में अग्रसर है। मंदिर के भूतल का लगभग 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना भी सुनिश्चित हो गया है।कुछ वर्ष पूर्व तक जो अयोध्या नगरी हिन्दुओं के संघर्ष की धरती थी जो आगामी 22 जनवरी 2024 को सर्व संतोषकारिणी नगरी बनने जा रही है। लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम लला अपने जन्मभूमि आवास में पधार रहे हैं और प्रत्येक सनातनी यह सोचकर हर्षित और प्रफुल्लित हो रहा है कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान हो जाने के बाद उनके सभी दुखों व चिंता का निवारण हो जाएगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत में आनंद की बयार बह रही है और हो भी क्यों न हम सबके श्रीराम अपने घर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अयोध्या को अखिल विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है।एक समय था जब रामभक्त अयोध्या दर्शन करने जाते अवश्य थे किंतु हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शनों तक सीमित रह जाते थे और बहुत कम श्रद्धालु श्री रामजन्मभूमि के दर्शन करने के लिए जाते थे क्योंकि तम्बू में बैठे भगवान तक पहुंचना सरल नहीं था किन्तु उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद परिवर्तन आया और 22 जनवरी 2024 के बाद परिस्थितियां पूरी तरह से बदलने जा रही हैं क्योंकि अब रामभक्तों व श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा पूर्ण और धैर्य समाप्त हो रहा है।

भव्य श्रीरामलला मंदिर के उद्घाटन के पश्चात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने वाली है, अयोध्या में उनके भव्य स्वागत, रहने-ठहरने व दिव्य दर्शन सुलभ करने के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। अयोध्या व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के समय का आभास हो और उस परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यंमत्री योगी आदित्यनाथ जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तभी से जुटे हैं। विगत कई वर्षों से अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयेजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उसी प्रकार पुष्पक विमान से उतरते हैं जिस प्रकार वह त्रेता युग में उतरे थे। अयोध्या त्रेतायुग में जिस प्रकार प्रफुल्लित व हर्षित हुई थी आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या व उसके आसपास के वातावरण को उसी प्रकार राममय करने की अभूतपूर्व तैयारी चल रही है।इसी परिप्रेक्ष्य में अयोध्या को विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए हर संभव व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी के बाद देश व विदेशों से लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंचने वाले हैं इस बात को ध्यान में रखते हुए और अयोध्या को विश्व स्तर की धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करीब 3 हजार करोड़ रुपए लागत की विभिन्न अवस्थापना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी दिसंबर माह में उड़ानें भी प्रारंभ हो जायेंगी। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से अयोध्या के बीच चली है और करीब आधा दर्जन अन्य रेल गाड़ियाँ अयोध्या से होकर जाने लगी हैं। अयोध्या से रामेश्वरम तक सीधी रेलगाड़ी चलाई गई है।अयोध्या का बदलाव दिखाने के लिए रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अयोध्या को जोड़ने वाले सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, अंबेडकरनगर और रायबरेली हाईवे पर बड़े द्वारों का निर्माण कर रहा है। अयोध्या व आसपास के जिलों व कस्बों में भारी संख्या में होटलों आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई योजनाएं- अयोध्या में बाहर आने वाले तीर्थयात्री केवल अयोध्या मंदिर दर्शन तक ही सीमित न रह जाएं इसलिए तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। पंचकोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरयू नदी में विहार के साथ मंदिरों के दर्शन के लिए क्रूज सेवा और रोमांचक वाटर स्पोर्टस सेवा भी प्रारंभ हो गई है। साथ ही अभी कई और योजनाएं प्रारंभ



होने वाली हैं।भविष्य की दृष्टि से अयोध्या का दिव्य एवं नव्य विकास करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकल्पवान हैं। मुख्यमंत्री का दायित्व सँभालने के साथ से ही वे अयोध्या पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और प्रायः अयोध्या आकर सांधु-संतों का आशीर्वाद के लेने के साथ ही साथ विकास हेतु उनका परामर्श भी लेते हैं। 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी जी अपने प्रथम कार्यकाल में 46 बार अयोध्या पहुंचे और इस कार्यकाल में भी उनका आगमन निरंतर हो रहा है। वो अयोध्या सम्बन्धी प्रत्येक कार्य पर स्वयं दृष्टि रखते हैं। योगी जी के नेतृत्व में अयोध्या में हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन होने से अयोध्या को एक नयी पहचान मिली है। हर वर्ष दीपों की संख्या गिनीज़ बुक में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस बार भी अयोध्या में अयोजित भव्य दीपोत्सव ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है और अयोध्या की अनुपम छटा बिखर रही है।

अयोध्या में विकास की गति को और तीव्र करने के लिए नौ नवंबर 2023 को अयोध्या में रामलला के दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसने एक नया इतिहास रचा। कैबिनेट बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश सरकार के सभी मंत्री रामलला के दरबार पहुंचे और उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कैबिनेट ने हनुमानगढ़ी में भी हनुमान जी के दर्शन किये और पूजा की। हनुमानगढ़ी में महंत धर्मदास, महंत संतरामदस आदि ने सभी अभिनंदन किया और उसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अप सभी के आशीर्वाद से अयोध्या विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनेगी।

### अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन

अयोध्या में आयोजित बैठक में अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद व देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन को स्वीकृति दी गयी। अयोध्या कैबिनेट में शुक तीर्थक्षेत्र विकास परिषद के गठन का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य है कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से 30,500 करोड़ रुपये की कुल 178 परियोजनाएँ चल रही हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ ही परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक नीतियां अब तीर्थ परिषद ही बनायेगा।बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन के भी समग्र विकास के लिए देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद व मुजफ्फरनगर के शुक तीर्थ धाम के विकास के लिए शुक तीर्थ धाम विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। सभी विकास परिषद अपने-अपने क्षेत्रों में किसी भी परियोजना व विकास के प्रस्ताव में परामर्श व मार्गदर्शन करेंगे। बलरामपुर जनपद की अयोध्या से दूरी सड़क मार्ग से मात्र 90 किलोमीटर है यहाँ स्थित माँ पाटेश्वरी धाम एक महत्वपूर्ण तीर्थ है जहां नेपाल के श्रद्धालु भी आते हैं।भारत मंदिर संग्रहालय बनाने का निर्णययोगी सरकार ने अयोध्या की तहसील सदर के ग्राम माझा जमधरा की नजूल की 25 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को उपलब्ध करते हुए यहां भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय का निर्माण कराने का निर्णय लिया है जिससे अयोध्या दर्शन के लिए आने वाले लोग भारत के वास्तु के बारे में भी जान सकेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी टी-20 सीरीज जीतने उतरेगा भारत, जानें संभावित प्लेइंग 11

गुवाहाटीं वनडे विश्वकप के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के सदस्य श्रेयस अय्यर की रायपुर और बंगलूरू में होने वाले चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में वापसी हो रही है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि श्रेयस अंतिम एकादश में तिलक के स्थान पर वापसी करेंगे। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में मंगलवार को भारतीय टीम पहली बार ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी टी-20 सीरीज जीतने के लिए उतरेगी। पांच मैचों की सीरीज में भारत पहले दो मैच जीतकर 2-0 की बढ़त पर है। तीसरा मैच जीतने पर भारतीय टीम सीरीज में अजेय 3-0 की बढ़त ले लेगी। बीते तीन वर्षों में भारत ने ऑस्ट्रेलिया से तीन मैचों की दो टी-20 सीरीज 2-1 के अंतर से जीती हैं। तिलक के लिए अहम होगा मैच लगातार 12वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे तिलक वर्मा के लिए यह मुकाबला अहम रहेगा। पिछले दो मैचों में उन्हें बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला। उन्होंने दो पारियों में सिर्फ 12 गेंदें ही खेली हैं। वनडे विश्वकप के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के सदस्य श्रेयस अय्यर की रायपुर और बंगलूरू में होने वाले चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में वापसी हो रही है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि श्रेयस अंतिम एकादश में तिलक के स्थान पर वापसी करेंगे। वह अंतिम दो मैचों में ऋतुराज गायकवाड़ के स्थान पर टीम की उपकप्तानी भी करेंगे। यही कारण है कि तिलक से इस मैच में बड़ी पारी की उम्मीदें लगाई जा रही हैं। फिर बरसेंगे रन बरसापाड़ा स्टेडियम की पिच हमेशा बल्लेबाजों की सहायक रही है। इस बार भी यही उम्मीद है कि यहां पिछले दो मैचों की तरह रन बरसेंगे। मुकाबले के दौरान 40 हजार दर्शकों से स्टेडियम भरा रहने की उम्मीद है। भारत ने दो मैचों में 36 बाउंड्री और 24 छक्के लगाए हैं। भारतीय बल्लेबाजों के सामने यहां इनकी संख्या बढ़ाने का अच्छा मौका होगा। शीर्ष क्रम ने खूब बनाए हैं रन भारतीय शीर्ष क्रम ने पिछले दो मैचों में जमकर रन बरसाए हैं। यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ और सूर्यकुमार यादव एक-एक अर्धशतक लगा चुके हैं। वहीं वनडे विश्वकप में ज्यादा मौके नहीं पाने वाले ईशान किशन ने दो अर्धशतक लगाए हैं। रिंकू सिंह ने दोनों मैचों में जिस तरह की बल्लेबाजी की है। उससे यह लगने लगा है कि इस प्रारूप में वह भारतीय टीम के नंबर छह के नियमित दावेदार बन जाएंगे। रिंकू ने तिरुवनंतपुरम में सिर्फ नौ गेंद में नाबाद 31 रन की पारी खेली। तिलक नंबर पांच पर खेलते हैं। यह देखने वाली बात होगी कि सूर्यकुमार यादव यहां उन्हें अपने से ऊपर के क्रम में खेलने का मौका देते हैं या नहीं। गेंदबाजों ने दूसरे मैच में किया पलटवार पहले मैच में 208 रन खर्च करने के बाद दूसरे मैच में भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। खासतौर पर प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट लेकर अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभाया। पहले मैच में जोश इंग्लिस और स्टीव स्मिथ उन पर भारी पड़े थे, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने अपनी तेजी से अच्छी वापसी की। बिश्नोई तिरुवनंतपुरम में गेंदबाजी में बड़ा अंतर साबित हुए। उन्होंने शुरुआती विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की लय बिगाड़ी। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गजों पर थकान हावी वनडे विश्वकप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा अपनी क्षमताओं के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बीते नौ सप्ताह से ये क्रिकेटर भारत में हैं और उन पर थकान हावी दिखाई दे रही है। विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के पास हेजलवुड, स्टार्क, कमिंस जैसे तेज गेंदबाज थे, लेकिन यहां सीन एबोट और एलिस वैसी धार नहीं दिखा पाए हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 भारत: ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा। ऑस्ट्रेलिया: मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड, मैथ्यू वेड (विकेटकीपरध्कप्तान), सीन एबॉट, नाथन एलिस, एडम जम्पा, जेसन बेहरेनडॉर्फध्तनवीर सांघा।



**टी20 सीरीज में भारत-ऑस्ट्रेलिया का हेड टू हेड रिकॉर्ड**

| | |
|---|---|
| कुल सीरीज | 10 |
| भारत जीता | 5 |
| ऑस्ट्रेलिया जीता | 02 |
| सीरीज बराबर | 03 |

# हॉकी शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर ग्रुप घोषित

**स्पेन में आगामी पांच देशों के टूर्नामेंट की तैयारी के मद्देनजर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए मंगलवार को 39 सदस्यीय कोर ग्रुप टीम की घोषणा की। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए नये दृष्टिकोण के साथ तैयारी करना चाहते हैं।**



हॉकी इंडिया ने स्पेन में आगामी पांच देशों के टूर्नामेंट की तैयारी के मद्देनजर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए मंगलवार को 39 सदस्यीय कोर ग्रुप टीम की घोषणा की। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए नये दृष्टिकोण के साथ तैयारी करना चाहते हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। अब टीम 15 दिसंबर से वालेंसिया में पांच देशों का टूर्नामेंट खेलेगी। विश्व चौम्पियन जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम और मेजबान स्पेन टूर्नामेंट की अन्य टीम हैं। पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर बुधवार से बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में शुरू होगा। फुल्टन ने कहा, ''हांगझोउ एशियाई खेलों के सफल अभियान के बाद लंबा ब्रेक रहा। टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों ने चेन्नई में राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में हिस्सा लिया और मुझे भी कुछ युवा और उभरते हुए खिलाड़ियों को करीब से खेलते हुए देखने का मौका मिला।'' उन्होंने कहा, ''हम अब पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों में नये दृष्टिकोण के साथ बेंगलुरु के साइ केंद्र में एकजुट होंगे।'' फुल्टन ने आगे कहा, ''जैसा कि मैंने कहा है कि यह एक प्रक्रिया है और हम एशियाई खेलों के अभियान पर गौर करेंगे और समझेंगे कि हम बतौर टीम कैसे बेहतर कर सकते हैं और इस दिशा में ही आगे काम करेंगे।'' राष्ट्रीय शिविर के कोर ग्रुप में वो सभी 18 खिलाड़ी हैं जिन्होंने पिछले महीने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। टीम कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, ''पिछले हफ्ते काफी अच्छे रहे क्योंकि हमने परिवार के साथ समय बिताया और चेन्नई में राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में अपने घरेलू राज्य के लिए भी खेले। अब हम राष्ट्रीय शिविर में टीम को बेहतर करने की कोशिश करेंगे।'' कोर संभावित ग्रुप में खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है। गोलकीपररू कृष्ण बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश , सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान। डिफेंडररू जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत। मिडफील्डररू मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह। फॉरवडर्स एस कार्ति, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।


# गिरोना ने एथलेटिक बिलबाओ से ड्रा खेला, तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवाया



**यूक्रेन के विक्टर सिगानकोव ने 55वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। पर इसके 12 मिनट बाद इनाकी विलियम्स ने गोल कर एथलेटिक बिलबाओ को बराबरी पर ला दिया।**

गिरोना फुटबॉल क्लब ने सोमवार को यहां एथलेटिक बिलबाओ से 1-1 से ड्रा खेला जिससे उसने स्पेनिश लीग तालिका में शीर्ष पर वापसी करने का मौका गंवा दिया। गिरोना ला लीगा में अपने पिछले 12 में से 11 मैच जीतकर सभी को हैरान करने वाली टीम रही है। उसके लिए यूक्रेन के विक्टर सिगानकोव ने 55वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। पर इसके 12 मिनट बाद इनाकी विलियम्स ने गोल कर एथलेटिक बिलबाओ को बराबरी पर ला दिया। इस मुकाबले में अंक बांटने के बावजूद गिरोना तालिका में दूसरे स्थान पर बरकरार है। वह अंक के मामले में शीर्ष पर चल रहे रियाल मैड्रिड (35 अंक) की बराबरी पर है। लेकिन क्लब एटलेटिको मैड्रिड और बार्सिलोना से चार अंक आगे हैं जो संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। एथलेटिक बिलबाओ पांचवें स्थान पर है।

# फाइनल खत्म होने के बाद आखिरकार सोशल मीडिया पर वापस आए रोहित शर्मा, शेयर की एक खास फोटो



वर्ल्ड कप 2023 में अपनी सभी जिम्मेदारियों को निभाने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने ब्रेक लिया है, जो उनके शारीरिक और मानसिक दोनों तनावों के लिए बेहद जरूरी थी. वर्ल्ड कप के बीच में, और उससे कई महीने पहले तैयारियों के दौरान रोहित शर्मा को वर्ल्ड कप के सिवा कुछ भी नहीं दिखता था. वह सोशल मीडिया से काफी दूर थे, और यहां तक कि अगर प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी कोई पत्रकार वर्ल्ड कप से बाहर का कोई निजी सवाल पूछते थे, तो रोहित उन्हें कहते थे कि अभी मेरे पास इन सब बातों के बारे में सोचने का टाइम नहीं है. हम इसके बारे में वर्ल्ड कप के बाद बात करेंगे.

**वर्ल्ड कप हारने के बाद भावुक हो गए थे रोहित**-अब वर्ल्ड कप खत्म हो चुका है. भारतीय टीम ने इस वर्ल्ड कप में कमाल का प्रदर्शन दिखाया है. टीम इंडिया ने पहले मैच ले लेकर सेमीफाइनल तक सभी मैचों में जीत हासिल की, और फिर फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार गए, जिसके बाद टीम इंडिया वर्ल्ड चैंपियन नहीं बन पाई, और रोहित के आंखों से भी आंसू टपक पड़े. वर्ल्ड कप का फाइनल मैच हारने के बाद रोहित शर्मा इतने ज्यादा उदास और भावुक हो गए थे, कि वो अपने-आपको रोने से भी नहीं रोक पा रहे थे, और इसलिए वो कुछ ही लोगों से हाथ मिलाकर बहुत जल्दी ड्रेसिंग रूम में चले गए. रोहित की भावुकता लाज़मी थी, क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के साथ इस वर्ल्ड कप को जीतने के लिए काफी मेहनत की थी, और पूरे टूर्नामेंट में वाकई में अच्छा क्रिकेट खेला था. इसके अलावा कहीं न कहीं रोहित को ये भी पता था कि शायद वनडे वर्ल्ड कप 2023 उनका आखिरी वनडे वर्ल्ड कप था, क्योंकि 2027 तक उनकी उम्र 40 साल के करीब हो जाएगी, और तब तक उनके लिए क्रिकेट खेलते रहना काफी मुश्किल हो सकता है.

**रोहित ने लिया ब्रेक**-बहरहाल, अब वनडे वर्ल्ड कप खत्म हो चुका है, और रोहित शर्मा अपनी पत्नी के साथ छुट्टी मना रहे हैं. इस बीच रोहित ने कई महीनों बाद सोशल मीडिया पर वापसी की है, और अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए एक तस्वीर शेयर की है. इसमें वो अपनी पत्नी के साथ एक शांत और खूबसूरत जगह पर घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं.देखकर साफ लग रहा है

# हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में हुई वापसी, फ्रेंचाइजी ने दी जानकारी

आईपीएल 2024 से पहले हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी हो गई है। मुंबई इंडियंस ने सोमवार को इसकी घोषणा की है। इससे पहले उन्होंने दो साल तक गुजरात टाइटंस की कमान संभाली थी। हार्दिक पांड्या की आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस में वापसी हो गई है। मुंबई इंडियंस ने सोमवार को इसकी घोषणा की है। पिछले दो सीजन से गुजरात टाइंटस के कप्तान रहे पांड्या की मुंबई इंडियंस की वापसी को लेकर कई समय से चर्चा चल रही थी। जिस पर अब मुंबई इंडियंस ने अपनी मुहर लगा दी है। आईपीएल रिटेंशन लिस्ट के आखिरी दिन यानी 26 नवंबर को गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पांड्या को अपने रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया था। लेकिन उसके बाद हार्दिक के मुंबई से जुड़ी खबरें सामने आ रही थीं। अब मुंबई इंडियंस ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि करते हुए हार्दिक के फिर से उसके साथ जुड़ने की खबरों पर मुहर लगा दी है। वहीं मुंबई इंडियंस ने स्टार बल्लेबाज कैमरून ग्रीन को आरसीबी को ट्रेड किए जाने की खबर पर भी मुहर लगा दी है। कैमरून ग्रीन ने 2023 आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ अपना डेब्यू करते हुए 16 मैचों में 361 रन बनाए थे।



## SPORTS न्यूज़

### सिनर की अगुआई में इटली ने लगभग 50 साल में पहला डेविस कप खिताब जीता

मलागा को अगले साल एक बार फिर डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ चरण की मेजबानी का मौका मिलेगा। स्पेन को वैलेंसिया में होने वाले ग्रुप चरण के लिए रविवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपना मुकाबला जीता जिससे इटली ने रविवार को यहां फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगभग पांच दशक में पहला डेविस कप टेनिस खिताब अपने नाम किया। सिनर ने एलेक्स डि मिनोर को फाइनल के दूसरे एकल मुकाबले में 6-3, 6-0 से हराकर इटली की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इटली का 1976 से यह पहला डेविस कप खिताब है। मातियो अर्नाल्डी ने पहले एकल में एलेक्सेई पोपिरिन को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। शनिवार को सर्बिया के खिलाफ सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवोक जोकोविच को एकल और युगल दोनों मुकाबलों में हराया था बाइस साल के सिनर ने इस हफ्ते अपने पाचों मुकाबलों में जीत दर्ज की। मलागा को अगले साल एक बार फिर डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ चरण की मेजबानी का मौका मिलेगा। स्पेन को वैलेंसिया में होने वाले ग्रुप चरण के लिए रविवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। इस साल फाइनल में जगह बनाने वाले इटली और ऑस्ट्रेलिया सितंबर में ग्रुप चरण में सीधे जगह बनाएंगे। क्वार्टर फाइनल में सर्बिया से हारने वाले ग्रेट ब्रिटेन को भी सीधे प्रवेश मिलेगा। महिलाओं के बिली जीन किंग कप फाइनल्स का आयोजन भी अगले साल एक बार फिर स्पेन के सेविले में ही होगा।

### मार्टिनेज के गोल से इंटर मिलान ने यूवेंटस को ड्रॉ पर रोका

तीसरे स्थान पर चल रहा एसी मिलान शीर्ष पर चल रहे शहर के अपने प्रतिद्वंद्वी इंटर मिलान से छह अंक पीछे है जबकि गत चौंपियन नेपोली उससे भी दो अंक पीछे चौथे पायदान पर है। लॉटेरो मार्टिनेज के गोल की बदौलत इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल लीग में दूसरे स्थान पर चल रहे यूवेंटस को रविवार को यहां 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। डुआन व्लाहोविच के गोल की मदद से यूवेंटस ने बढ़त बनाई लेकिन मार्टिनेज ने लीग सत्र का 13वां गोल दागते हुए अपनी टीम को हार से बचा लिया। इस ड्रॉ के बावजूद इंटर की टीम शीर्ष पर बनी हुई है। उसने दूसरे स्थान पर चल रहे यूवेंटस पर दो अंक की बढ़त बरकरार रखी है। तीसरे स्थान पर चल रहा एसी मिलान शीर्ष पर चल रहे शहर के अपने प्रतिद्वंद्वी इंटर मिलान से छह अंक पीछे है जबकि गत चौंपियन नेपोली उससे भी दो अंक पीछे चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में रोमा ने उडिनेसे को 3-1 से हराया जबकि सासुओलो ने इंटरी टाइम में दागे गोल की बदौलत एंपोली को 4-3 से शिकस्त दी। फ्रोसिनन ने जिनोआ को 2-1 से हराया।

### टोयोटा को भारतीय यात्री वाहन खंड में अगले साल 2023 की गति बने रहने की उम्मीद

नयी दिल्ली। भारतीय यात्री वाहन बाजार की रफ्तार चालू वर्ष की तरह ही अगले साल भी कायम रहने की उम्मीद है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी उपाध्यक्ष और भारत में प्रमुख विक्रम गुलाटी ने यह बात कही है। जहां 2024 में स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में तेज वृद्धि देखने की उम्मीद है, वहीं मध्य से उच्च वर्ग वाले खंड में भी तेज गति देखी जाएगी। हालांकि, छोटी कारों की श्रेणी चिंता का विषय बनी रहेगी। अगले साल के दृष्टिकोण के बारे में पूछने पर गुलाटी ने कहा, फ्रमुझे लगता है कि बाजार बढ़ रहा है। यह बहुत अच्छे तरीके से बढ़ता रहेगा। हम उस हिस्से से काफी आगे निकल चुके हैं, जब लोग कह रहे थे कि मांग में दबाव है। त्योहारी सत्र में बहुत अच्छी तेजी देखी गई।फ्र उन्होंने कहा, फ्रइससे भी आगे, मुझे लगता है कि बुनियादी बातें अच्छी हैं। आर्थिक पूर्वानुमान के संदर्भ में हमारी अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है और बहुत अशांत माहौल के बीच भी बढ़ रही है।फ्र गुलाटी ने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में होने वाली घटनाओं के झटकों के बावजूद 'हम काफी हद तक अछूते रहे हैं। यह अच्छा संकेत है, साथ ही यह सकारात्मक भावना भी लाता है। उद्योग के अनुमान के अनुसार, भारत में यात्री वाहनों (पीवी) की कुल बिक्री 2023 में 40 लाख इकाई का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है। 2022 में पीवी की बिक्री 37.93 लाख इकाई और 2021 में 30.82 लाख थी। गुलाटी ने कहा कि एसयूवी की मांग में वृद्धि अगले साल भी जारी रहेगी और अधिक संख्या में उपभोक्ता बेहतर सुविधाओं तथा सुरक्षा के लिए अतिरिक्त राशि चुकाने को तैयार होंगे।

### भारतीय तारगोला फेंक एथलीट रचना कुमारी डोप जांच में विफल

हांगझोउ एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाली भारत की तारगोला फेंक एथलीट रचना कुमारी अंतरराष्ट्रीय महासंघ की एथलेटिक्स इंटिग्रिटी इकाई (एआईयू) द्वारा इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से पहले की गयी डोप जांच में पॉजिटिव आयी हैं और उन पर अस्थायी निलंबन लगा दिया गया है। रचना कुमारी का डोप नमूना टूर्नामेंट से इतर लिया गया था और इसमें स्टेराइड स्टानोजोलोल, मेटांडाईनोन और डिहाइड्रोक्लोरोमिथाइलटेस्टोस्टेरोन (डीएचसीएमटी) पाये गये हैं। एआईयू ने अपनी वेबसाइट पर और अधिक जानकारी दिये बिना कहा कि रचना कुमारी को 'नोटिस ऑफ एलिगेशन' (आरोप का नोटिस) जारी कर दिया गया है। तीस वर्षीय एथलीट पर इससे पहले राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने चार साल का प्रतिबंध (12 मार्च 2015 से शुरू) लगाया था जो उनके एनाबोलिक स्टेराइड मिथेनोलोन के पॉजिटिव पाये जाने पर लगा था। अगर वह इस ताजा मामले में दोषी पायी जाती हैं तो उन पर अधिकतम आठ साल का प्रतिबंध लग सकता है क्योंकि यह उनका दूसरा उल्लंघन होगा। इससे यह उनके करियर का अंत हो सकता है। जब रचना कुमारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को पटियाला में एक विदेशी डोप जांच एजेंसी के लिए काम कर रहे अधिकारियों को उन्होंने मूत्र का नमूना दिया था। उत्तर प्रदेश में अपने निवास से रचना कुमारी ने पीटीआई से कहा, ''मुझे कोई सूचना नहीं मिली है कि मैं डोप जांच में विफल रही हू, हालांकि मैंने पटियाला में 24 सितंबर को मूत्र का नमूना दिया था।'' भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक अधिकारी ने सूचित किया कि रचना कुमारी डोप जांच में विफल रही हैं लेकिन उन्होंने इसकी अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया क्योंकि यह एआईयू से संबंधित है। अधिकारी ने कहा, ''यह नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) का मामला नहीं है, यह एआईयू का मामला है इसलिये मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं जानता।'' रचना कुमारी 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हांगझोउ एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाली 68 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम का हिस्सा थीं। वह 29 सितंबर को महिलाओं की तारगोला फेंक स्पर्धा में 58.13 मीटर के प्रयास से नौवें स्थान पर रही थी। उन्होंने जून में भुवनेश्वर में हुई राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चौम्पियनशिप में 65.03 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी चीन मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंची

एशियाई खेलों के चौंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरूष जोड़ी ने चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डेनियल मार्टिन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय युगल जोड़ी ने विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16 21-14 से हराया। इस साल इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500 और स्विस सुपर 300 जीतने वाले सात्विक और चिराग के सामने अंतिम चार में चीन की जोड़ी की चुनौती होगी। चीन की दो जोड़ियों के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हे जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त लियू यू चेन और ओयू जुवान यी से भिड़ेगी। विश्व रैंकिंग की पूर्व शीर्ष भारतीय जोड़ी ने अपने खेल में शानदार समन्वय दिखाया। दोनों लगातार अपनी जगह को बदलते रहे और बीच-बीच में करारे प्रहार करते हुए उन्होंने इंडोनेशिया की जोड़ी को दबाव में डाल दिया। मैच की शुरुआत में दोनों जोड़ियों के बार करीबी मुकाबला था। पहले ब्रेक के बाद स्कोर 14-14 की बराबरी पर पहुंचा लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने अपनी गति को बढ़ाया।



# ALIA BHATT हुई डीपफेक वीडियो का शिकार

इंटरनेट पर आलिया भट्ट का एक डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है, जो काफी अश्लील है। वीडियो में, अभिनेत्री को फ्लोरल शॉर्ट को–ऑर्ड सेट पहनकर %गंदे% इशारे करते हुए देखा जा सकता है। वैसे तो वीडियो साफ़ तौर पर एडिट किया हुआ लग रहा है। लेकिन फिर भी ये चिंता का विषय है। हाल ही में साउथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। रश्मिका के बाद कटरीना कैफ और फिर काजोल के डीपफेक वीडियो वायरल हुए। बॉलीवुड अभिनेत्रियों के वायरल हुए डीपफेक वीडियोज ने एआई को चर्चा का विषय बना दिया था। सोशल मीडिया पर इस मुद्दे पर जमकर बहस भी हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मामले पर संज्ञान भी लिया, जिसके बाद चीजें शांत हो गयी थी। लेकिन अब अभिनेत्री आलिया भट्ट के वायरल हुए डीपफेक वीडियो ने फिर इस मुद्दे को गरमा दिया है। इंटरनेट पर आलिया भट्ट का एक डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है, जो काफी अश्लील है। वीडियो में, अभिनेत्री को फ्लोरल शॉर्ट को–ऑर्ड सेट पहनकर %गंदे% इशारे करते हुए देखा जा सकता है। वैसे तो वीडियो साफ़ तौर पर एडिट किया हुआ लग रहा है। लेकिन फिर भी ये चिंता का विषय है। डीपफेक वीडियो के लगातार बढ़ते मामलों ने आम लड़कियों को भी चिंता में डाल दिया है। रश्मिका का वीडियो वायरल होने पर मेगास्टार अमिताभ बच्चन सहित कई सितारों ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए इसके पीछे के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। खुद रश्मिका ने आगे आकर इस मुद्दे पर बात की थी। आलिया की तरफ से अभी इस मामले पर टिप्पणी नहीं की गयी है।





# भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह प्रशांत किशोर की पार्टी करेंगी ज्वाइन



अक्षरा सिंह प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज के साथ अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करेंगी। अब तक अपनी मधुर आवाज और शानदार एक्टिंग के दम पर अक्षरा दर्शकों का दिल जीतती आई है। अब राजनीति के मंच पर अक्षर अपना जादू बिखेरती दिखेगी। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की स्टार अभिनेत्री और सिंगर अक्षरा सिंह को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। लोगों को सालो तक एंटरटेन करने के साथ ही अब अक्षरा ने राजनीति में कदम रखने का फैसला कर लिया है। सिंगिंग और एक्टिंग में अपना दम दिखाने के बाद अक्षर राजनीति में अपनी किस्मत आजमाने जा रही है। अक्षरा जल्द ही प्रशांत किशोर के साथ जुड़ने वाली है। अक्षरा सिंह प्रशांत किशोर की पार्टी जान सूरज के साथ अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करेंगी। अब तक अपनी मधुर आवाज और शानदार एक्टिंग के दम पर अक्षरा दर्शकों का दिल जीतती आई है। अब राजनीति के मंच पर अक्षर अपना जादू बिखेरती दिखेगी। यह भी संभावना जताई जा रही है कि आगामी लोकसभा चुनाव में अक्षरा अपना भाग्य आजमा सकती है ।संभावना है कि पार्टी सदस्यता लेने के बाद उनकी सक्रियता अधिक हो जाएगी। ये भी संभावना है कि वो पटना साहिब या पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकतकी है। बता दें कि हाल ही में अक्षरा और प्रशांत ने मुलाकात भी की थी, जिसके बाद अक्षरा के पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई है। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर ने बिहार में जनसुराज यात्रा शुरू की है, जिसके जरिए वो गांवों जाकर राजनीति के संबंध में लोगों में जागरुकता फैला रहे है। बिहार की महागठबंधन सरकार से लेकर केंद्र सरकार उनके निशाने पर रहती है। कई भोजपुरी स्टार ले चुके हैं राजनीति में एंट्री अक्षरा सिंह पहली स्टार नहीं हैं जो भोजपुरी इंडस्ट्री से राजनीति में एंट्री लेने जा रही है। उनसे पहले कई स्टार राजनीति में अपनी किस्मत आजमा चुके है। इसमें मनोज तिवारी (दिल्ली), रवि किशन (गोरखपुर) और दिनेश लाल यादव निरहुआ) (आजमगढ़) का नाम सबसे ऊपर हैं जो बीजेपी के टिकट पर सांसद हैं।

# 'एनिमल' में रणबीर कपूर का खूंखार लुक



एनिमल डवअपमरू बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' इस साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। कबीर सिंह फेम डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की अपकमिगं डायरेक्शनल 'एनिमल' को लेकर काफी बज भी बना हुआ है ।बीते दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया,जिसे फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। सभी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। इसी बीच फिल्म को लेकर फैंस के बीच एक नई बहस शुरू हो गई है। कोई फिल्म का जमकर समर्थन कर रहा है, तो फिल्म की कहानी को अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन की फिल्म की कॉपी बताया रहा है। बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' इस साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्म है हाल ही में सोशल मीडिया पर 'एनिमल' के ट्रेलर से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद जहां कुछ फैंस फिल्म 'एनिमल' को 'एक रिश्ता' और 'वक्त' से बेहतर बताते हुए नजर आ रहे हैं एनिमल' में रणबीर कपूर के अलावा बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, शक्ति कपूर, सुरेश ओबेरॉय, प्रेम चोपड़ा और तृप्ति डिमरी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं दरअसल हाल ही में सोशल मीडिया पर 'एनिमल' के ट्रेलर से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में 'एनिमल' के साथ-साथ अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन की फिल्मों के सीन्स को भी लगाया गया है,जिसमें देखा जा सकता है कि रणबीर कपूर की तरह ही अक्षय कुमार भी बार-बार 'पापा' बोलते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अमिताभ और अक्षय की दो फिल्मों के सीन्स दिखाए गए है। जिनका नाम 'एक रिश्ता' और 'वक्त' है। इन दोनों फिल्मों की कहानी भी बाप-बेटे पर अधारित है। अब सोशल मीडिया पर इस वक्त से वीडियो खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद जहां कुछ फैंस फिल्म 'एनिमल' को 'एक रिश्ता' और 'वक्त' से बेहतर बताते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं कुछ लोग फिल्म के विपक्ष में बोलते हुए दिख रहे हैं। हालांकि अब तो ये पूरी फिल्म देखने के बाद ही पता लगेगा की रणबीर कपूर की 'एनिमल' की कहानी इन फिल्मों से मिलती-जिलती है या फिर काफी अलग है। फिलहाल फैंस इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि 'एनिमल' में रणबीर कपूर के अलावा बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, शक्ति कपूर, सुरेश ओबेरॉय, प्रेम चोपड़ा और तृप्ति डिमरी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है, जो 'कबीर सिंह' और 'अर्जुन रेड्डी' का निर्देशन करने के लिए जाने जाते हैं। भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियोज और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित 'एनिमल' 1 दिसंबर को रिलीज होगी ।बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म एनमिल का नाम एनिमल रखने की वजह बतायी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं।

रणबीर कपूर ने फिल्म का टाइटल एनिमल रखने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। रणबीर कपूर ने कहा, मुझे लगता है कि आप फिल्म एनिमल को मेरे द्वारा निभाए गए इस किरदार और अन्य किरदारों के नजरिए से देख रहे हैं, जिनके बारे में मैं बात नहीं कर सकता। एक बार आप फिल्म देखेंगे, तो आपको समझ आ जाएगा। मुझे लगता है कि संदीप रेड्डी वांगा ने इस फिल्म को एनिमल क्यों कहा, इसका कारण यह है कि जानवर अपनी प्रवृत्ति से बाहर व्यवहार करता है। वे सोच समझकर व्यवहार नहीं करते। तो यह किरदार जो मैं निभा रहा हूं, वह अपने परिवार की रक्षा के लिए सहज व्यवहार करता है। वह यह नहीं सोच रहा है कि वह सहज भाव से व्यवहार कर रहा है, वह आवेगी है और मुझे लगता है कि यहीं पर एनिमल नाम आया ।एक बार जब आप फिल्म देखेंगे तो आपको एहसास होगा कि यह फिल्म इस नाम पर फिट बैठती है। फिल्म एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।

# युवक की मौत के बाद दर दर भटक रहे मृतक के परिजन,, पुलिस पर कार्यवाही न करने का लगाया आरोप...

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** मऊगंज जिले के दुबगवां कुर्मियान में विगत दिनों युवक की मौत के बाद मृतक के परिजन दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं, आपको बता दें कि विगत दिनों युवक का शव घर के सामने पेड़ पर लटकता हुआ मिला था जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था वहीं इस पूरे मामले पर परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है वहीं परिजनों का कहना है कि उक्त मामले में शामिल सभी आरोपी मौके से फरार है जिनको पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है वहीं घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि इस मामले पर मर्ग काम किया गया है और घटना की



जांच चल रही है। ज्ञात हो कि मृतक अतुल सेन उम्र 16 वर्ष कि 3 नवम्बर को घर के सामने ही लगे नीम के पेड़ में फांसी में लटका शव मिला था घर के लोगो का आरोप है कि कुछ दिनों पूर्व पड़ोस में ही रहने वाले राम रहीम सेन संतोष सेन कल्पना सेन सुरेंद्र सेन अनीता सेन पूजा सेन आदि लोगो ने मिल कर अतुल के साथ मारपीट की थी परंतु पारिवारिक होने की वजह से घरवालों ने घटना को नजर अंदाज कर दिया उस दिन के बाद हर दिन उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे थे घटना कि रात कुछ लोगो ने संबंधित लोगो को घर से भागते भी देखा है घटना दिनांक से सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं पुलिस ने मर्ग कायम कर संबंधित घटना को विवेचना में लिया है अब देखना यह होगा की मृतक के परिवार को न्याय मिल पाता है या अतुल सेन भी पुलिस की डायरी में बस एक नाम बनकर दर्ज हो जाएगा।

# प्रज्ञा त्रिपाठी के भाई की पुण्यतिथि पर हुआ भंडारा,धर्मपरिवार ने उपस्थित होकर दी श्रद्धांजली

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा,।** भू0पू0सांसद स्व0 चन्द्रमणि त्रिपाठी के पुत्र एवं हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार की महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी के भाई स्व0 मनु त्रिपाठी की 9वीं पुण्यतिथि सौदामिनी नर्सिग कालेज खौर कोठी गड्डी रोड में दोपहर 12:00 बजे सुन्दर काण्ड पाठ एवं पूजा अर्चना भण्डारे के साथ मना कर भवभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई जिसमें समूचे जिले के गणमान्य नागरिक, स्टाफ, छात्र-छात्राओं के साथ अनुयायियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। ज्ञातव्य है कि सौदामिनी सेवा संस्थान की स्थापना स्व0 मनु त्रिपाठी ने की थी।इस अवसर पर धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक



एवं संस्थापक नारायण डिगवानी, युवा शाखा के अध्यक्ष सुमित मॉजवानी, महिला शाखा संरक्षक श्रीमती संतोषी गुप्ता के साथ युवा शाखा संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराके उपस्थिति दर्ज कराई और स्व0 मनु त्रिपाठी के सेवा कार्यो की सराहना करते हुये उनके प्रेरणादायी सेवा पथ पर आगे चलने के संकल्प के साथ पूरा सहयोग प्रदान करने का वादा किया। कार्यक्रम आयोजिका श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने समस्त अतिथियों को भाग लेने के लिये आभार एवं साधुवाद व्यक्त किया है।

**नारायण डिगवानी**
**आजीवन संरक्षक एवं संस्थापक**

# 18 यात्री बसों पर की गई चालानी कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** परिवहन विभाग द्वारा बसों के विरुद्ध जाँच अभियान चलाया गया जिसमें अठारह बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई बसों में फ़ास्टेड बॉक्स स्पीड गवर्नर आपातकालीन द्वार के साथ परमिट फिटनेस बीमा की वैधता की विशेष रूप से जाँच की गई जाँच के दौरान लगभग 134 यात्री की जाँच की गई जिनमें अठारह यात्री बसों के ऊपर चालानी कार्यवाही की गई।ठंड में मौसम के बदलाव के कारण सड़क पर कोहरा छाया रहता है,और वाहनों के मार्ग में परिचालन के समय दूर तक देखने में काफ़ी परेशानी होती है। सिरमौर जवा मार्ग पर कोहरा ज़्यादा पड़ता है इसी वजह से परिवहन विभाग की एक टीम




बरदहा घाट के आस पास बसों की जाँच की गई और वाहन चालकों को हिदायत भी दी गई कि आप बसों को ओव्हर स्पीड न चलाए शीशे पर विशेष रूप से वाईपर सही होना चाहिए। बसो पर क्षमता से अधिक सवारी न बिठाए। जाँच में राधा बल्लभ पूजा ट्रैवेल्स द्विवेदी ट्रैवेल्स सिंह ट्रैवेल्स तिवारी कोच रचना ट्रैवेल्स परिहार ट्रैवेल्स आदि की बसे शामिल रही। आज की कार्यवाही में कुल 36 वाहनों के ऊपर चालानी कार्यवाही करते हुए 103500 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।जि़ले में दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग द्वारा कल दो पहिया वाहनों का विक्रय करने वाले सभी डीलरों की बैठक कंट्रोल रूम में बुलायी गई है । यह बैठक पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा के मार्गदर्शन में की जाएगी।

# मतगणना मानीटरिंग के लिए तीन अधिकारी तैनात

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन दिसम्बर को प्रात~ 8 बजे से इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतगणना के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा मतगणना की मानीटरिंग के लिए तीन अधिकारी तैनात किए हैं। जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे को विधानसभा क्षेत्र सिरमौर तथा सेमरिया की जिम्मेदारी दी गई है। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में तैनात किया गया है। आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन को विधानसभा क्षेत्र मनगवां, रीवा तथा गुड़ की जिम्मेदारी दी गई है।

# ठण्ड के कारण प्राथमिक शालाओं के समय में परिवर्तन

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा।. जिले के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्राथमिक शालाओं के समय में परिवर्तन के आदेश दिए हैं। आदेश के अनुसार जिले में कक्षा नर्सरी से कक्षा पाँच तक की कक्षायें प्रात~ 9 बजे से पहले संचालित नहीं होंगी। इसमें सभी शासकीय, अशासकीय, आईसीएस तथा सीबीएसई सहित माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं सभी शैक्षणिक संस्थाएं शामिल हैं।

# आयोग की वेबसाइट और एप पर मिलेंगे चुनाव परिणाम

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए 17 नवम्बर को हुए मतदान की 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया 3 दिसम्बर को प्रात~ 8 बजे से प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों में स्थापित मतगणना केन्द्रों में मतों की गिनती प्रारंभ होगी। मतगणना के प्रत्येक चक्र के विधानसभावार परिणाम प्रदर्शित किये जायेंगे। सबसे पहले प्रात~ 8 बजे से डाकमत पत्र की गणना प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। विधानसभा निर्वाचन मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://results.eci.gov.in और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा https://ceomadhyapradesh.nic.in पर भी मतगणना के परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।

# समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से रीवा जिले में 69 खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से होगा धान का उपार्जन

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।.** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से किया जाएगा। धान उपार्जन की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 69 केन्द्र स्थापित कर दिए गए हैं। जिले में 71877 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया है। इनका सत्यापन किया जा चुका है। कलेक्टर ने बताया कि एफएक्यू धान के लिए 2183 रुपए प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड ए के लिए 2203 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। धान खरीदी के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में तौल कांटे एवं बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में सहकारी समितियों के माध्यम से धान का उपार्जन किया जाएगा। पंजीकृत किसान अपनी धान बेचने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर से अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर से दिनांक और समय का निर्धारण करके स्लॉट बुक कर सकते हैं। स्लॉट बुकिंग की सुविधा आरंभ हो गई है। धान का उपार्जन करने के लिए खरीदी केन्द्र आते समय किसान असुविधा से बचने के लिए अपने पंजीयन की रसीद, स्लॉट बुकिंग पावती, आधार कार्ड और पंजीकृत मोबाइल अपने साथ रखें। उपार्जन केन्द्र प्रभारी तथा किसान द्वारा बायोमेट्रिक अथवा ओटीपी सत्यापन के बाद ही खरीदी की पावती जारी होगी। इसे किसान अपने पास सुरक्षित रखें। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# मऊगंज में धान उपार्जन संबंधी बैठक आज

**रीवा।.** मऊगंज जिले में निर्धारित 23 खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से शुरू होगा। धान का उपार्जन सहकारी समितियों के द्वारा किया जाएगा। मऊगंज जिले में उपार्जन तैयारियों की समीक्षा बैठक 30 नवम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव उपार्जन तैयारियों की खरीदी केन्द्रवार समीक्षा करेंगे। सभी समिति प्रबंधकों, खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा डाटा एन्ट्री आपरेटरों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# रेलवे स्टेशन पर गंदगी का अंबार यात्रियों को हो रही परेशानी,गोबर पर फिसलकर कई लोग हो रहे घायल

**मुंगावली ।** रेलवे स्टेशन पर इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है रेलवे स्टेशन पर नियमित सफाई न होने से काफी गंदगी पड़ी रहती है इस स्टेशन से प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक ट्रेने गुजरती है जिससे प्रतिदिन सैकड़ो यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर आना जाना रहता है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यात्रियों को परेशानी हो रही है।

**आवारा मवेशियों कर रहे गंदगी**–मुंगावली रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर 1 एवं 2 पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमावड़ा रहता है इन मवेशियों द्वारा स्टेशन पर गंदगी की जा रही है स्टेशन के प्लेटफार्म पर सैकड़ो जगह गाय का गोबर डला हुआ है जिससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है स्टेशन पर गंदगी इतनी है कि लोगों का स्टेशन पर साफ जगह पैर रखना दूभर हो रहा है क्योंकि चारो तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

**गोबर पर फिसल का चोटिल हो रहे लोग**–रेलवे स्टेशन पर गोबर पड़ा रहने से प्रतिदिन स्टेशन पर पहुँचने वाले कई यात्री इस गोबर पर फिसल चोटिल हो रहे है जिससे यात्री काफी परेशान है लेकिन स्टेशन प्रबंधन के अलावा रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है प्रतिदिन स्टेशन पर पहुँचने वाले सैकड़ो यात्रियों को स्टेशन पर पड़े गोबर से काफी परेशानी हो रही है गोबर पर फिसल कर चोटिल होने साथ ही लोगो के कपड़े भी गंदे हो जाते है जिससे लोगो को भारी असुविधा होती है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु निशुल्क कोचिंग : अमलीपदर,( गोडीयारी )

**गरियाबंद (ब्यूरोचीफ)**

**सभी पलकों का सपना होता है कि उनका बेटा जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययन करें परंतु उचित मार्गदर्शन व सही अध्यापन की व्यवस्था न होने के कारण प्रतिभावान होते हुए भी पीछे हो जाते है**

जिलाधीश श्री आकाश छिकारा जी के दिशा निर्देश व प्रेरणा से जिला के पांचो विकासखंड के सभी स्कूलों में जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष कालखंड में कोचिंग की व्यवस्था की गई है प्रत्येक शनिवार को संकुल केंद्र में विशेष कोचिंग व मॉक टेस्ट जिले के 150 संकुल को केंद्र बनाए गए हैं अध्यापन के लिए दक्ष विशेषज्ञ की सेवाएं ली जा रही है डिजिटल कंटेंट व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पाठ्यवस्तु, प्रश्न पत्र , अभ्यास पुस्तिका के साथ ही पिछले वर्षो के प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाया जा रहा है संकुल केंद्र गुढ़ियारी के नोडल समन्वयक श्री सुभाष पांडेय व पीएलसी सदस्य कमल किशोर ताम्रकार के अवलोकन के दौरान प्राथमिक शाला उसरीजोर, प्राथमिक शाला इंदिरापारा और प्राथमिक शाला गुढ़ियारी में विषय शिक्षक के द्वारा नवोदय विद्यालय की तैयारी करते हुए पाया गया शिक्षकों के द्वारा संसाधन एवं विषय कंटेंट के संबंध में समस्याएं बताई जिसे समन्वयक द्वारा यथाशीघ्र दूर करने की बात कही गई है श्री सुभाष पांडे ने कहा कि इस बार कोई भी छात्र अध्यापन व परीक्षा से वंचित न हो शत प्रतिशत सफलता के लिए पलकों से संपर्क करने को प्रेरित किया है




# आसामाजिक तत्व कर रहे पार्क एवं तालाब किनारे लगी लाइट क्षतिग्रस्त

**मुंगावली।** नगर में स्मार्ट सिटी के तहत भुजरियां तालाब पर पार्क निर्माण के साथ तालाब के चारो तरभ पेवस के साथ लाइटिंग एवं विद्युत पोल लगाकर स्ट्रीट लगाई गई थी। स्ट्रीट लाइट चालू नहीं होने से आसामाजिक तत्व लाइटिंग को क्षतिग्रस्त कर रहे है। क्योंकि विद्युत पोल की लाइट चालू नहीं होने से पार्क के रास्ते में अंधेरा छाया रहता है,जिसका फायदा आसामाजिक तत्व उठाकर लाइट को नुक्सान पहुंचा रहे है। वहीं लाइट तोड़कर उसमें लगे वायरो से मोटर चलाकर तालाब से अपने खेतों में पानी दे दे रहे है। वहीं इसके अलावा तालाब किनारे बने विसर्जन कुंड पर स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से अंधेरे का फायदा उठाते हुए शराबियो ने शराब पीने का अड्डा बना रखा है। लेकिन इसकी ओर किसी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है। वहीं पार्क में जाने के पहुंच मार्ग को सुंदर बनाने के जगमगाती लाइटिंग की गई थी। लेकिन आसामाजिक तत्वों लाइट को तोड़कर सौंदर्य खत्म कर रहे है।



# पत्नी आइसीयू में भर्ती, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्पताल का किया टायलेट साफ



**ग्वालियर ।** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पत्नी अर्चना तोमर इन्फ्लूएंजा वायरस की शिकार बन गई। इस कारण उनके फेफड़े में संक्रमण हो गया इस कारण से उनका बुखार बार-बार 100 के पार पहुंच रहा है। सोमवार को अर्चना तोमर को डिस्चार्ज करने का डाक्टर विचार बना रहे थे लेकिन अचानक से उन्हें बुखार 101 के पार जा पहुंचा। उन्हें एक हजार बिस्तर अस्पताल के मेडिसिन आइसीयू में रखा गया है।इधर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने हजीरा के सिविल अस्पताल पहुंचकर सोमवार को सफाई अभियान चलाया और टायलेट साफ कर प्रायश्चित किया। उन्होंने टायलेट साफ करते हुए कहा कि जिंदगी में जाने अनजाने में कई गलतियां हो जाती हैं, लेकिन मैं उन गलतियों पर प्रायश्चित करता हूं और फिर एक बार नए तरह से जिंदगी की राह पर चलने का प्रयास करूंगा।

सफाई अभियान पूरे एक घंटे चला। इसमें ऊर्जामंत्री ने अस्पताल के बाहर झाड़ू लगाई और फिर ब्रस से टायलेट साफ की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पूर्व में भी कभी नाले में उतरकर सफाई कार्य, कभी अस्पताल में सफाई कार्य कर चुके हैं। सड़कों के निर्माण में देरी पर चप्पल-जूते का त्याग करना चर्चा का विषय रहा था।

# इंदौर के बाद ग्वालियर से मिल सकेंगी इंटरनेशनल फ्लाइट



**ग्वालियर।** देश के दिल मध्य प्रदेश में इंदौर के बाद ग्वालियर दूसरा ऐसा शहर होगा, जहां से इंटरनेशनल फ्लाइट उड़ान भरेंगी। ग्वालियर में 500 करोड़ की लागत से नया एयर टर्मिनल अगले माह तैयार होकर डिलीवर होने वाला है।

**ग्वालियर में तैयारी आरंभ**-यही कारण है कि पहले से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। विमानन कंपनियां जैसे स्पाइस जेट, इंडिगो, एलायंस एयर के वरिष्ठ अधिकारियों को ग्वालियर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए आफर दे दिए गए हैं।

**रात में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन**-ग्वालियर से दोपहर में घरेलू विमान, जबकि रात में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जाएगा। ग्वालियर से वर्तमान में जिन देशों के लिए हवाई सेवा संचालित हो सकती हैं, उनमें संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के नाम संभावित हैं।

**पहले यह लक्ष्य**-ग्वालियर से उन शहरों के लिए उड़ान पहले संभावित होंगी, जहां कामकाज और नौकरी के सिलसिले में सबसे ज्यादा लोग होंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल इस नए टर्मिनल का काम 15 दिसंबर को पूरा होने जा रहा है, इसलिए अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की उड़ानों के लिए तैयारी की जा रही है।

**नया एयर टर्मिनल**-बता दें कि प्रदेश में ग्वालियर एयरपोर्ट का भव्य स्वरूप नए एयर टर्मिनल के रूप में सामने आने वाला है। 500 करोड़ रुपये की लागत से देश में सबसे तेजी से तैयार होने वाला यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी तैयार होगा। ग्वालियर एयरपोर्ट से 10 शहरों के लिए घरेलू उड़ानें संचालित हो चुकी हैं, लेकिन बीच-बीच में यात्रियों की कमी के चलते विमानों का संचालन रुक जाता है। वर्तमान में पांच शहरों के लिए ग्वालियर से घरेलू उड़ानें हैं।

**प्रदेश का दूसरा शहर होगा ग्वालियर**-प्रदेश में ग्वालियर अब दूसरा शहर होगा जहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होंगी। ग्वालियर का नया टर्मिनल प्रदेश में सबसे भव्य और बड़ा होने का दावा किया गया है। प्रदेश में इंदौर शहर सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय उड़ान लेने वाला एयरपोर्ट है। वर्तमान में यह संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह शहर से जुड़ा हुआ है। दुबई के लिए भी यहां से विमान सेवा चलाई जा चुकी है। अब ग्वालियर को भी अरब देशों से पहले जोड़ा जा सकता है।

### ग्वालियर पुलिस का महिला जागरूकता अभियान

# महिला पुलिस टीम द्वारा ''कन्या छात्रावास'' की छात्राओं को महिला व साइबर संबंधी अपराधों के प्रति किया जागरूक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश तथा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) श्री अखिलेश रैनवाल एवं डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में ग्वालियर जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत आज दिनांक 29.11.2023 को अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास में जाकर वहां रहने वाली छात्राओं को विभिन्न अपराधों के



संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के साथ उप निरीक्षक उन्नति उपाध्याय, उप निरीक्षक मधु बंसल, महिला थाना, महिला सुरक्षा शाखा का स्टाफ एवं निर्भया मोबाइल-2 का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे महिला जागरूकता अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास में जाकर वहां रहने वाली छात्राओं व स्कूली स्टाफ को आजकल हो रहे साइबर अपराधों व महिला संबंधी अपराधों तथा गुड टच बेड टच आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा उन्हे मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया और उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें और उनके साथ हुई किसी भी प्रकार की घटना को नजरअंदाज नहीं करें, उसके संबंध में तत्काल परिजनों व टीचर्स को जानकारी दें। उपस्थित स्कूली बच्चों को बेटी की पेटी के संबंध में अवगत कराया गया कि वह किस प्रकार अपनी शिकायत पेटी में डाल सकती हैं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को गुड टच बेड टच के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# ग्वालियर में प्रत्याशियों ने की कुर्सी की तैयारी, जता रहे अपनी दावेदारी

**ग्वालियर।** मतदाताओं ने किस दिल को प्रदेश में सरकार बनाने का जनादेश दिया है? इस सवाल का जवाब ईवीएम है। मतगणना का काउंट डाउन शुरू हो गया है। मतगणना के केवल चार दिन शेष रह गए हैं। इस बार दोनों ही दल पूरे आत्मविश्वास के साथ सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं।यही वजह हैं कि नतीजों से पहले ही भाजपा व कांग्रेस में प्रदेश सरकार में मंत्री पद के दावेदारों ने लाबिंग शुरू कर दी है। दोनों दलों के अलावा राजनीति से जुड़े लोगों में इस बात का चर्चा है कि भाजपा व कांग्रेस की सरकार बनने पर मंत्री पद के लिए कौन-कौन प्रबल दावेदार होंगे।अगर भाजपा की सरकार बनी तो जिले से पहली दावेदारी प्रद्युम्न सिंह तोमर, दूसरी दावेदारी भारत सिंह कुशवाह व तीसरी दावेदारी इमरती देवी व चौथी दावेदार पांच साल के ब्रेक के बाद चुनाव लड़ रही माया सिंह की होगी।कांग्रेस की सरकार बनने पर पूर्व मंत्री लाखन सिंह, डा. सतीश सिकरवार व प्रवीण पाठक की ंत्री पद के लिए दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। इस बार अप्रत्याशित परिणाम भी आने के आशंका जताई जा रही है।मंत्री पद के दावेदारों में से एक-दो प्रत्याशियों का विधानसभा में पहुंचना भी मुश्किल माना जा रहा है। इसलिए पूरी संभावना है कि सरकार किसी की बनें जिले से प्रदेश कैबिनेट में दो ही नाम रहेंगे।




**विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर के कारण**-इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला है। बराबरी की टक्कर होने के कारण यह अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा है कि प्रदेश में किस दल की सरकार बनेगी। यही कारण है कि दोनों ही दल सरकार बनाने को लेकर आत्मविश्वास से भरे नजर आ रहे हैं। यही आत्मविश्वास दोनों दलों के नीचे के कार्यकर्ताओं में भी है।यह पहला अवसर है

# नेताओं का विश्वास ग्वालियर-चंबल अंचल में कांग्रेस बढ़त में हैं, फोकस अब मतगणना पर



**ग्वालियर।** भोपाल से कांग्रेस प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मतगणना पर फोकस करने का मंत्र लेकर वापस लौट आए हैं। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि इस बार बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बन रही है। ग्वालियर-चंबल में भी पार्टी को बढ़त मिलने की पूरी संभावना है। भाजपा मतदान केंद्रों पर कांग्रेस को हराने में विफल होने के बाद मतगणना टेबल पर हराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। इसलिए फोकस मतगणना पर करें।एक-एक वोट के लिए लड़े, क्योंकि कई विधानसभा क्षेत्रों में बहुत नजदीकी मामला है। इसके साथ डाक मतपत्रों में गड़बड़ी की पूरी आशंका है। डाक मत डलवाने में कुछ अधिकारियों ने भाजपा का साथ दिया है, उनकी सूची बनाओ। भोपाल से लौटने के बाद प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्र की रणनीति बनाना शुरू कर दी है। भोपाल से प्रशिक्षण लेकर लौटे प्रतिनिधि प्रदेश नेतृत्व का मतगणना संबंधी संदेश नीचे तक पहुंचाने के लिए बुधवार से बैठकों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

# बिजली कंपनी ने एसटीपी का कनेक्शन काटा, तो जीएम का घर तोड़ने जेसीबी लेकर पहुंचा निगम अमला

**ग्वालियर ।** नगर निगम और बिजली कंपनी के अधिकारियों के बीच पावर की लड़ाई शुरू हो गई है। गत शनिवार को नगर निगम ने मोतीमहल में बिना अनुमति बन रहे बिजली कंपनी के 132 केवी उपकेंद्र का काम रोकने के लिए नोटिस जारी किया, तो मंगलवार की दोपहर बिजली कंपनी ने निगम पर साढ़े 12 करोड़ रुपये का बकाया बताकर जलालपुर स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का कनेक्शन काट दिया। शाम साढ़े छह बजे नगर निगम का मदाखलत अमला जेसीबी के साथ बिजली कंपनी के महाप्रबंधक नितिन मांगलिक का निजी मकान तोड़ने के लिए पहुंच गया। ऐसे में रात आठ बजे के आसपास प्लांट का कनेक्शन जुड़वा दिया गया।



**विभागों के बीच लड़ाई**-मोतीमहल में विक्टोरिया मार्केट के ठीक पास 132 केवी जीआइएस उपकेंद्र का निर्माण किया जा रहा है। शनिवार को निगमायुक्त हर्ष सिंह ने मोतीमहल का निरीक्षण किया, तो इस इमारत को देखकर जानकारी ली। इसमें सामने आया कि इमारत को बनाने के लिए अनुमति नहीं ली गई। इसके चलते नगर निगम ने बिजली कंपनी को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा था।

मंगलवार दोपहर लगभग तीन बजे बिजली कंपनी के अमले ने जलालपुर स्थित नगर निगम के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के दो कनेक्शनों पर 65 लाख और 33 लाख रुपये का बकाया बताकर कनेक्शन काट दिया। इससे जलालपुर में सीवर ट्रीटमेंट का काम बंद हो गया, जिसके चलते उपनगर ग्वालियर क्षेत्र में लाइनें जाम हो गईं और सीवर उफनने लगे। शाम के समय निगम का मदाखलत अमला दो जेसीबी मशीनें लेकर बिजली कंपनी के महाप्रबंधक शहर वृत्त नितिन मांगलिक के रवि नगर स्थित निज निवास पर पहुंच गया और मकान को अवैध बताया। ऐसे में घबराकर बिजली कंपनी ने रात लगभग आठ बजे प्लांट का कनेक्शन जुड़वा दिया।

**एमडी ने बकाया वसूली के दिए थे निर्देश**-इस मामले में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक नितिन मांगलिक का कहना है कि नगर निगम पर 12.50 करोड़ रुपये का बिल बकाया है। इसमें बोरिंग कनेक्शन, स्ट्रीट लाइट, ट्रीटमेंट प्लांट आदि की राशि शामिल है। निगम को पूर्व में भी बकाया राशि जमा करने के लिए नोटिस दिए गए थे, लेकिन उन्होंने राशि जमा नहीं कराई।पिछले दिनों बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने ग्वालियर में बैठक लेकर बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इस दौरान उन्होंने निगमायुक्त हर्ष सिंह से भी बकाया जमा करने के लिए कहा था, जिस पर निगमायुक्त ने जल्द राशि देने का आश्वासन भी दिया था।मंगलवार को बकाया राशि जमा किए बिना ही कनेक्शन को जुड़वा दिया गया है।-पहले भी बनी है टकराव की स्थिति--निगमायुक्त के पद पर पदस्थ निकुंज श्रीवास्तव ने लश्कर क्षेत्र में तोड़फोड़ की कार्रवाई कराई थी। उस समय तत्कालीन मंत्री अनूप मिश्रा के साथ उनका विवाद हुआ था। मामले में एफआइआर दर्ज कराने तक की नौबत आ गई थी।

**कार्यालय के बाहर कचरा फेंका**-ईओडब्ल्यू ने एक मामले में जांच के लिए नगर निगम से दस्तावेज मांगे,

# दिल्ली की छात्रा के साथ रेलवे के लोको पायलट ने किया दुष्कर्म




**ग्वालियर ।** दिल्ली की छात्रा के साथ ग्वालियर में रहने वाले रेलवे के लोको पायलट ने दुष्कर्म किया। उसने छात्रा को शादी का झांसा दिया था। फिर शादी से इन्कार कर दिया। छात्रा ने जब शादी की बात कही तो उसने धमकाया। छात्रा ने पड़ाव थाने में एफआइआर दर्ज करवाई है। पड़ाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मीबाई कालोनी में किराये का कमरा लेकर रहने वाली नर्सिंग छात्रा दिल्ली से पढ़ाई करने यहां आई थी। यहां उसकी मुलाकात सोहन पाल से हुई। सोहन पाल रेलवे में लोको पायलट है। दोनों के बीच दोस्ती हो गई और बातचीत होने लगी। सोहन ने उसे मिलने के बहाने बुलाया फिर दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी से भी इन्कार कर दिया।

# ग्वालियर में देवी के मंदिर पर माथा रख बोला गुंडा- मां कसम बंदूक नहीं उठाऊंगा

**ग्वालियर।** उटीला के काशीपुरा गांव में पिता-पुत्र को गोली मारने के बाद पूरे गांव में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले गुंडे अजब सिंह चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर सोमवार को एसएसपी राजेश सिंह चंदेल ने दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गांव में दो परिवार उसके कारण पिछले सोलह दिन से दहशत में थे और घर से बाहर निकलना बंद कर दिया था।

मंगलवार को जब वह पकड़ा गया और उटीला पुलिस उसे लेकर काशीपुरा गांव पहुंची तो दहशत में रह रहे लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। गुंडे ने फरियादी के घर के सामने स्थित देवी मंदिर पर माथा रखा और बोला- मां की कसम अब बंदूक नहीं उठाऊंगा। उसने लोगों से माफी भी मांगी।12 नवंबर को दीपावली वाले दिन ग्वालियर के काशीपुरा गांव में रहने वाले रामवीर चौहान के घर की महिलाओं पर गुंडे अजब सिंह चौहान ने अभद्र टिप्पणी की थी। जब रामवीर और उसके बेटे गोविंद चौहान ने टोका तो इन पर अजब सिंह चौहान ने फायरिंग कर दी। पिता-पुत्र घायल हो गए।जब दोनों घायल हो गए तो इनकी घर की महिलाओं को धमकाया। जब पुलिस को सूचना दी तो एएसपी अमृत मीणा, एसडीओपी संतोष पटेल, उटीला थाना प्रभारी दिलीप समाधिया घटनास्थल पर पहुंचे। जैसे ही यह लोग फोर्स के साथ वापस रवाना हुए तो थाने पहुंचते ही दोबारा इसी परिवार को टारगेट कर गोलियां चलाई। गांव में आसपास के इलाकों में भी



ताबड़तोड़ फायरिंग की। इससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। दीपावली के दिन इस घटना से लोगों में इतनी दहशत भर गई कि वह घर से बाहर नहीं निकले। उटीला पुलिस ने हत्या के प्रयास की एफआइआर दर्ज कर ली। अजब सिंह चौहान पकड़ा नहीं गया था।वह लगातार परिवार को धमका रहा था, इसके चलते गांव में पुलिस को तैनात किया गया। एसएसपी राजेश सिंह चंदेल ने बीते रोज उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। एसडीओपी संतोष पटेल और उटीला थाना प्रभारी दिलीप समाधिया की टीम उसकी तलाश में लगी थी। मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अधिया और सात कारतूस बरामद हुए।गांव में दहशत खत्म करने पूरे गांव में घुमाया, लोगों से हाथ जोड़कर माफी मांगीआरोपित और उसके परिवार की पूरे गांव में दहशत है। इन लोगों पर कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपित अजब सिंह पर हत्या के प्रयास और हत्या की एफआइआर पहले से दर्ज है। गांव में उसकी दहशत खत्म करने के लिए उसे पूरे गांव में घुमाया। यहां लोगों से उसने हाथ जोड़कर माफी मांगी।




**महिलाओं की मुस्कान लौटी बोली- जेल से न छूटे**आरोपित के पकड़ने के बाद गांव में महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लौटी। वह महिलाओं को आते-जाते परेशान करता था। महिलाएं बोली, अब उस पर ऐसी कार्रवाई हो उसे सजा मिले और अब वह जेल से छूटकर बाहर न आ पाए।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478